
वर्ष-3, अंक-40
इन्दौर, गुरुवार
11 अप्रैल 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 3 रु.

दैनिक
# राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761
DAVP 133088/20/02/2020

**चाणक्य नीति**
'जो धैर्यवान नहीं है उसका न वर्तमान और न ही भविष्य'
मुझे वह दौलत नहीं चाहिए जिसके लिए कठोर यातना सहनी पड़े, या सदाचार करना पड़े, या अपने शत्रु की चापलूसी करनी पड़े।
-चाणक्य



प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय मंत्री

# श्री गडकरी ने 5800 करोड़ रूपए लागत वाली 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का किया लोकार्पण एवं भूमि-पूजन

**इंदौर ।** केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरूवार को धार जिले के बदनावर के ग्राम खेड़ा में आयोजित कार्यक्रम में 5800 करोड़ रूपए की लागत वाली 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं एवं संबद्ध अधोसंरचना निर्माण कार्यों का भूमि-पूजन एवं लोकार्पण किया।

केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि मध्यप्रदेश में डबल इंजन की सरकार है। यहां तेजी से विकास हो रहा है। सबको सुखी, समृद्ध और सशक्त बनाने का विजन लेकर मुख्यमंत्री डॉ. यादव बड़ी तेजी से प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राजमार्ग सिर्फ एक मार्ग नहीं, यह जन-जन का जीवन बदलने वाले प्रगति पथ होते हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में पिछले 10 सालों में हम देश की अधोसंरचना में व्यापक बदलाव लेकर आए हैं। देश को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाना है, इसमें मध्यप्रदेश की भागीदारी भी होगी। म.प्र. में विकास की ललक दिखाई देती है, इसलिए हम इसे देश के विकास का सबसे बड़ा अंशभागी राज्य बनायेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने घोषणा करते हुए कहा कि अगले तीन साल में हम मध्यप्रदेश में उपलब्ध राष्ट्रीय राजमार्ग नेटवर्क को अमेरिका से अच्छा और सुंदर बनायेंगे। उन्होंने कहा कि अगले एक साल में हम देश में तीन लाख करोड़ रूपए से अधिक के राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य अधोसंरचना निर्माण कार्य पूरे करेंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी देश-प्रदेश के विकास के लिए 4 प्रमुख संसाधनों जल, ऊर्जा, परिवहन और अधोसंरचनात्मक विकास की जरूरत होती है और उन्हें खुशी है कि मध्यप्रदेश इन चारों संसाधनों के विकास पर तेजी से बढ़ रहा है। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव की मांग पर मंच से ही केन्द्रीय सड़क निधि से 12 हजार करोड़ रूपए लागत से 400 कि.मी. लंबाई 6 नई राष्ट्रीय



राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण एवं विकास कार्यों को मंजूरी दी। केन्द्रीय मंत्री ने मध्यप्रदेश में 33 हजार करोड़ रूपए की लागत से एनएचएआई द्वारा निर्मित किए जाने वाले 5 नए ग्रीनफील्ड इकॉनामिक कॉरिडोर निर्माण कार्य, रिंग रोड, एलिवेटेड कॉरीडोर, सेतु एवं अन्य निर्माण कार्यों को भी मंजूरी देते हुए इन निर्माण कार्यों के पूर्ण होने की समय-सीमा भी घोषित की। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने कहा कि सड़क परियोजनाओं के पूरा होने पर क्षेत्र का विकास होगा। युवाओं को रोजगार? मिलेगा, गरीबी दूर होगी। किसानों की फसल को अच्छा दाम मिलेगा। रोड कनेक्टिविटी बढ़ेगी और लोगों के जीवन में खुशहाली आएगी। उन्होंने कहा कि राजमार्ग हैप्पीनेस लाने वाले हाई-वे होते हैं। हम मध्यप्रदेश के गांव-गांव को सड़कों से जोड़ेंगे, ताकि यहां सबको शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य उपचार और विकास का लाभ मिले। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में अमृतकाल चल रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी वाजपेयी ने देश का कायाकल्प करने का जो स्वप्न देखा था, प्रधानमंत्री श्री मोदी अटल जी के उसी स्वप्न को साकार करने की दिशा में अनथक गति से अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि इसी अमृतकाल में हमारा देश, विश्व का सबसे अच्छा देश बनकर उभरेगा। सड़कें विकास का सहज पैमाना होती है। इसलिए गांव-गांव तक रोड कनेक्टिविटी बढ़ाकर हम मध्यप्रदेश की जनता की जिन्दगी में बदलाव लाने की दिशा में तेजी से बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम रोड कनेक्टिविटी बढ़ाकर गांव के साथ-साथ शहरों को भी स्मार्ट सिटी बनाने के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि इंदौर और भोपाल जल्द ही मेट्रोपॉलिटिन सिटी बनेंगे। ग्रामीण हो या शहरी सभी को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी द्वारा मुक्त हृदय से मध्यप्रदेश को 5800 करोड़ रूपए लागत की 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की सौगात देने के लिए आभार जताते हुए कहा कि श्री गडकरी देश के राजमार्ग विकास पुरूष हैं। उनके नेतृत्व में देश में तेजी से अधोसंरचनात्मक विकास हो रहा है। उन्होंने कहा कि मालवा अंचल को सीधे तौर पर लाभान्वित करने वाली इन सभी राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं से सरकार को सिंहस्थ-2028 के सफल आयोजन में भरपूर मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हम विरासत से विकास की ओर बढ़ रहे हैं। अपनी विरासतों को समृद्ध कर लोगों को जोड़ रहे हैं। केन्द्र सरकार की मदद से हम श्री महाकालेश्वर ज्योर्तिलिंग को केन्द्र में रखकर इसे गुजरात स्थित सोमनाथ ज्योर्तिलिंग और ओंकारेश्वर से एक सूत्र में जोड़ेंगे। इसके लिए हमने केन्द्र सरकार से मांग की है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार केन्द्र सरकार के साथ कदम से कदम मिलाकर आगे बढ़ेगी, जिससे विकासरूपी अमृत का सर्वाधिक लाभ मध्यप्रदेश को मिले। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय मंत्री से मध्यप्रदेश में राष्ट्रीय राजमार्गों का नेटवर्क और बढ़ाने की मांग करते हुए अपना विस्तृत मांग पत्र उनके समक्ष रखा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमने जो भी मांगा, केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी ने हमें समय-समय पर वो सब दिया, पर हम यही नहीं रूकेंगे। प्रदेश के हित में हम नई राष्ट्रीय परियोजनाओं के लिए सतत् मांग करेंगे। सिंहस्थ - 2028 के बेहतर आयोजन और श्रद्धालुओं के सहज और सुगम आवागमन के लिए मध्यप्रदेश में एक स्ट्रांग रोड नेटवर्क की स्थापना के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहेंगे। केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उज्जैन-बदनावर खंड पर नवनिर्मित 4 लेन सड़क, उज्जैन-गरोठ के खेड़ा खजुरिया से सुहागड़ी तक 4/6 लेन ग्रीनफील्ड हाई-वे, उज्जैन-गरोठ के सुहागड़ी से बर्डिया अमरा तक 4/6 लेन ग्रीनफील्ड हाई-वे, जीरापुर-सुसनेर-मध्यप्रदेश एवं राजस्थान बॉर्डर खंड पर पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन सड़क और बाकानेर घाट पर पेव्ड शोल्डर के साथ अतिरिक्त 3 लेन सड़क का भी लोकार्पण किया। इसी प्रकार संदलपुर-नसरुल्लागंज खंड पर 4-लेन सड़क, चंदेरी-पिछोर खंड पर पेव्ड शोल्डर के साथ 2 लेन सड़क, इंदौर-गुजरात खंड पर 7 फ्लाई ओवर एवं अंडरपास, शाजापुर, कनासिया एवं एमआईडीसी इंडस्ट्रियल एरिया में 3 फ्लाई ओवर, अंडरपास तथा रसलपुर जंक्शन पर फ्लाई ओवर के कार्यों का भूमि-पूजन किया।केंद्रीय महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर ने जनजातीय आबादी वाले धार जिले के बदनावर के ग्राम खेड़ा में इस भव्य आयोजन के लिए केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी एवं मुख्यमंत्री डॉ. यादव का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि धार से तीन ज्योतिर्लिंग जुड़ते हैं।

# मुंबई हमले का दोषी तहव्वुर राणा भारत लाया गया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2008 मुंबई आतंकी हमलों का दोषी तहव्वुर राणा को अमेरिका से भारत ला रहा विशेष विमान दिल्ली पहुंच गया है। यह विमान दिल्ली के पालम टेक्निकल एयरपोर्ट पर लैंड हुआ। यहां से तहव्वुर को सीधे ह्द्ध हेडक्वार्टर ले जाया जाएगा। NIA हेडक्वार्टर के बाहर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। जेल सोर्स के मुताबिक, राणा को दिल्ली की तिहाड़ जेल में हाई सिक्योरिटी वार्ड में रखा जाएगा। जेल प्रशासन ने इसके लिए जरूरी इंतजाम कर लिए हैं। हालांकि, उसे कब और किस वार्ड में रखा जाएगा, इसका अंतिम फैसला कोर्ट के आदेश के बाद ही लिया जाएगा। जांच एजेंसी ह्द्ध और खुफिया एजेंसी RAW की एक जॉइंट टीम तहव्वुर को लेकर बुधवार को अमेरिका से रवाना हुई थी। राणा को पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया जा सकता है। पेशी से पहले उसका मेडिकल टेस्ट किया जाएगा।




### दिल्ली पुलिस को हाई अलर्ट पर रखा गया

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक राणा के प्रत्यर्पण को लेकर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को भी हाई अलर्ट कर दिया गया है। इसके साथ ही स्ढ्ढ्ञ कमांडोज को भी एयरपोर्ट पर तैनात किया गया है। एयरपोर्ट के बाहर सेंट्रल आर्म्ड पुलिस फोर्सेज (CAPF) की सिक्योरिटी विंग और स्थानीय पुलिस मौजूद है। केंद्र सरकार ने इस मामले में एडवोकेट नरेंद्र मान को स्पेशल पब्लिक प्रोसिक्यूटर के तौर पर नियुक्त किया है। उन्हें तीन साल या फिर केस का ट्रायल पूरा होने तक यह जिम्मेदारी सौंपी गई है।

तहव्वुर ने भारत आने से बचने के लिए अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट याचिका दायर की थी, जिसे खारिज कर दिया गया था। उसने अपनी याचिका में खुद को पार्किंसन बीमारी से पीड़ित बताते हुए कहा था कि अगर भारत डिपोर्ट किया गया तो उसे प्रताड़ित किया जा सकता है।

### पाकिस्तान ने तहव्वुर राणा से दूरी बनाई

पाकिस्तान ने तहव्वुर राणा से दूरी बनाते हुए कहा कि वह कनाडा का नागरिक है। पाक विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने एक सवाल के जवाब में कहा कि तहव्वुर राणा ने पिछले दो दशकों से अपने पाकिस्तानी दस्तावेजों को रिन्यू नहीं कराया है।

### ट्रंप बैकफुट पर आए,

# टैरिफ को 90 दिनों के लिए रोका, चीन को नहीं दी राहत

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने 75 से ज्यादा देशों पर लगाए रेसिप्रोकल टैरिफ 90 दिनों के लिए रोक दिया है। यह फैसला लागू भी हो गया है। ट्रंप ने चीन को इस छूट में शामिल नहीं किया है, बल्कि उस पर लगे टैरिफ को 104 फीसदी से बढ़ाकर 125 फीसदी कर दिया है। ट्रम्प ने यह कार्रवाई चीन की तरफ से लगाए गए जवाबी 84 फीसदी टैरिफ के बाद की है। चीन पर 125 फीसदी टैरिफ लगाने का मतलब है कि चीन में बना 100 डॉलर का सामान अब अमेरिका में जाकर 225 डॉलर का हो जाएगा। अमेरिका में चीनी सामानों के मंहगे होने से



उसकी बिक्री नहीं होगी या कम हो जाएगी। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा कि चीन ने ग्लोबल मार्केट के लिए सम्मान नहीं दिखाया है। इसी वजह से मैं उस पर टैरिफ बढ़ाकर 125फीसदी कर रहा हूं। उम्मीद है कि चीन को जल्द समझ आ जाएगा कि अमेरिका और दूसरे देशों को लूटने के दिन गए। जो देश डील करेंगे, उनके लिए टैरिफ 10 फीसदी रहेगा। ट्रम्प ने कहा कि 75 से ज्यादा देशों ने अमेरिका के प्रतिनिधियों को बुलाया है और इन देशों ने मेरे मजबूत सुझाव पर अमेरिका के खिलाफ किसी भी तरह से जवाबी कार्रवाई नहीं की है।

# कन्हैया कुमार बिगाड़ेंगे तेजस्वी यादव का खेल?





**पटना (एजेंसी)।** लायन और बेरोजगारी के मुद्दे पर महागठबंधन में दो दल यानी कि कांग्रेस और राजद अब आमने-सामने हो गए हैं। दोनों ही दलों की ओर से इस मुद्दे को उठाया जा रहा है।

लेकिन इसके जरिए एक ओर जहां तेजस्वी यादव है तो दूसरी ओर कन्हैया कुमार हैं। दावा किया जा रहा है तेजस्वी यादव के एजेंडे को कन्हैया कुमार ने बिहार में पूरी तरीके से लपक लिया है। बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दल अपनी-अपनी रणनीति बनाने में जुट गए हैं। इसी कड़ी में बिहार में पलायन और बेरोजगारी को बड़ा मुद्दा बनाया जा रहा है। विपक्ष इस मुद्दे के सहारे चुनावी नैया पार लगाने की कोशिश कर रहा है। हालांकि पलायन और बेरोजगारी के मुद्दे पर महागठबंधन में दो दल यानी कि कांग्रेस और राजद अब आमने-सामने हो गए हैं। दोनों ही दलों की ओर से इस मुद्दे को उठाया जा रहा है। लेकिन इसके जरिए एक ओर जहां तेजस्वी यादव है तो दूसरी ओर कन्हैया कुमार हैं। दावा किया जा रहा है तेजस्वी यादव के एजेंडे को कन्हैया कुमार ने बिहार में पूरी तरीके से लपक लिया है। तेजस्वी यादव लगातार बेरोजगारीस पलायन और शिक्षा को मुद्दा बना रहे हैं। तो वहीं इन्हीं मुद्दों के सहारे कन्हैया कुमार भी बिहार में कांग्रेस की राजनीति को धार देने की कोशिश कर रहे हैं। कन्हैया कुमार बिहार ने पलायन रोको, नौकरी दो पदयात्रा निकल रहे हैं।

### विमान लैंड करते ही आया पायलट को अटैक और हो गई मौत

**नई दिल्ली।** श्रीनगर से दिल्ली की उड़ान पूरी करने के बाद एयर इंडिया एक्सप्रेस के एक पायलट की नई दिल्ली में हार्ट अटैक से मौत हो गई। पायलट की हाल ही में शादी हुई थी। एक रिपोर्ट के मुताबिक यह घटना विमान के इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरने के कुछ ही समय बाद हुई।

### 20 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग का मामला

# ED ने केरल के पूर्व विधायक को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बुधवार को केरल के पूर्व विधायक एमसी कमरुद्दीन और उनके सहयोगी टीके पूकोया थंगल को 20 करोड़ रुपये की कथित धोखाधड़ी से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया है। मंजेश्वरम निर्वाचन क्षेत्र के पूर्व प्रतिनिधि और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के नेता कमरुद्दीन फैशन गोल्ड ग्रुप कंपनियों के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। पूकोया थंगल इसी फर्म के प्रबंध निदेशक हैं। ईडी के अनुसार, निवेशकों से धोखाधड़ी की कई शिकायतों की जांच के बाद 7 अप्रैल को गिरफ्तारियां की गईं। दोनों को मंगलवार को कोझिकोड में धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत में पेश किया गया, जिसने आगे की जांच के लिए एजेंसी को दो दिन की हिरासत में दे दिया।

### पूर्व जस्टिस मार्कंडेय ने पूछा-

# ममता के लिए अच्छा पति क्यों नहीं दूंढते, नेता ने कहा थप्पड़ मारुंगा

**कोलकाता (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट के पूर्व जस्टिस मार्कंडेय काटजू के एक्स की एक पोस्ट को पश्चिम बंगाल की सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस के एक नेता ने उनके पोस्ट का स्क्रीन शॉट शेयर किया है। काटजू के इस पोस्ट में लिखा हुआ है कि 'बंगाली लोग ममता बनर्जी के लिए अच्छा पति क्यों नहीं ढूंढते?'

इस पोस्ट को ममता की पार्टी टीएमसी के नेता कुणाल घोष ने अपने अकाउंट पर काटजू के उस पोस्ट को शेयर किया है। इस पोस्ट का जवाब देते हुए घोष ने लिखा, 'यदि सचमुच इस व्यक्ति ने यही कहा है और यदि वह माफी नहीं मांगता और इसे (पोस्ट को) हटाता नहीं है, तो चाहे वह किसी भी पद पर हो, यदि मुझे खबर मिलती है कि उसने बंगाल में कदम रखा है, तो मैं आगे आकर उसे थप्पड़ मारूंगा।



### कुणाल में धैर्य है भाई!!

एक यूजर कहते हैं, 'क्या उन्होंने कुछ बुरा कहा- यह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है.. और मौलिक अधिकार है, आशा है आप जानते होंगे। एचएस चक्रवर्ती नाम के यूजर कुणाल घोष का मजाक बनाते हुए कहते हैं, मैं सुबह से लगभग 40 मिनट से सारे कमेंट पढ़ रहा हूं, बड़े दुख की बात है कि मुझे एक भी कमेंट ऐसा नहीं मिला, जिसमें कुणाल बाबू को गाली न दी गई हो !! कुणाल में धैर्य है भाई! मुझे इसे स्वीकार करना होगा!' वहीं भवानी प्रसाद रे नाम के यूजर ने काटजू के समर्थन करते हुए कहते हैं, काटजू जी, समस्या यह है कि ममता खुद पति हैं, इसलिए उन्हें पत्नी की जरूरत है। पति की भूमिका निभाने वाली महिला को पत्नी की जरूरत होती है। इस समस्या का समाधान बहुत मुश्किल है।

# बीजेपी को हराने के लिए बीजेपी जैसी ही बनेगी कांग्रेस

**अहमदाबाद (एजेंसी)।** 'हम जिलाध्यक्षों को और ज्यादा पॉलिटिकल पावर देना चाहते हैं। उनकी जिम्मेदारी और जवाबदेही दोनों तय करेंगे। जिलाध्यक्षों को पावरफुल बनाकर हम ब्लॉक, मंडल, गांव, देहात और बूथ स्तर तक अपनी पहुंच बनाना चाहते हैं।' कांग्रेस लीडर सचिन पायलट ने दो लाइन में पार्टी का माइक्रोमैनेजमेंट का फॉर्मूला समझा दिया। अहमदाबाद में दो दिन चले कांग्रेस अधिवेशन में तय हुआ है कि यही पार्टी की स्ट्रैटजी भी होगी। पायलट के बयान से साफ है कि पार्टी ड्ढछ्वक्क के सबसे सफल चुनावी हथियार पन्ना प्रमुख मॉडल से ही उसे टक्कर देने तैयारी कर रही है। अधिवेशन में ये भी तय हुआ है कि पार्टी अपने रिवाइवल पर काम करेगी। राहुल गांधी ने इसके संकेत एक महीने पहले ही दे दिए थे। 8 मार्च को अहमदाबाद में राहुल गांधी की पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच सार्वजनिक मंच पर नाराजगी दिखी। राहुल ने कहा था कि गुजरात कांग्रेस में दो तरह के लीडर्स हैं। एक वो हैं, जो जनता के साथ खड़े हैं। दूसरे वो हैं, जो जनता से कटे हुए हैं और उनमें से कुछ BJP से मिले हैं। कांग्रेस रेस का घोड़ा बारात में भेज देती है और बारात का घोड़ा रेस में भेज देती है। पार्टी में नेताओं की कमी नहीं है। अगर सख्त कार्रवाई में 30 से 40 लोगों को निकालना पड़े।



# संपादकीय

## क्या कांग्रेस अधिवेशन से निकल आया जीत का मंत्र?



*गुजरात के अहमदाबाद में संपन्न हुआ कांग्रेस का दो दिवसीय अधिवेशन महज एक औपचारिक सभा नहीं थी, बल्कि इसे एक सियासी पुनर्जागरण के तौर पर देखा जाना चाहिए। दशकों से गुजरात की सत्ता से बाहर कांग्रेस ने यहां से एक नई रणनीति, नई चेतना और शायद एक नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की कोशिश की है। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के बयानों से स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि पार्टी अब आक्रामक तेवरों के साथ मैदान में उतरने के मूड में है। दरअसल अधिवेशन की शुरुआत करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की पारदर्शिता पर सवाल उठाए और बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने की मांग भी रखी। खड़गे कहते हैं कि सरकार ने एक ऐसी तकनीक अपनाई हुई है जिससे विपक्ष को नुकसान पहुंचाया जा सके। उन्होंने महाराष्ट्र चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि 150 सीटों में से 138 सीटों पर बीजेपी की जीत संदिग्ध है। खड़गे ने यह कहकर सरकार पर आरोप ही नहीं लगाए बल्कि उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और देश के मतदाताओं में यह विश्वास पैदा करने की कोशिश की है, कि ईमानदार चुनावों के जरिए सत्ता परिवर्तन संभव है। वहीं राहुल गांधी ने अपने सशक्त भाषण से अधिवेशन में जहां जान फूंकने का काम किया वहीं पार्टी से जुड़े लोगों को एक पार्टी विचारधारा के तहत एकजुट होकर मैदान में आने का आव्हान भी किया है। उन्होंने यहां वक्फ संशोधन कानून पर बीजेपी पर सीधा हमला बोला और इसे 'फ्रीडम ऑफ रिलीजन' और संविधान पर हमला करार दिया है। साथ ही, उन्होंने गुजरात में कांग्रेस के भीतर व्याप्त गुटबाजी पर खुलकर बात की और यह स्वीकार किया कि पार्टी के कुछ नेता जनता से कटे हुए हैं या विरोधी दलों से मिले हुए हैं। पार्टी के शीर्ष नेताओं का यह आत्ममंथन इस बात की ओर इशारा करता है कि कांग्रेस अब संगठनात्मक शुद्धि की दिशा में भी कदम बढ़ा रही है। यह एक तरह से देर आयद दुरुस्त आयद को ही चरितार्थ करने जैसा है। इस पर दो दशक पहले ही विचार कर लिया जाना चाहिए था, तब शायद पार्टी को इतना ज्यादा नुक्सान भी नहीं हुआ होता। नेताओं की आपसी खींचतान और बेमानी रुतबे के कारण पार्टी रसातल पर पहुंच गई। पहले एक-एक कर कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले राज्य हाथ से जाते गए और फिर केंद्र में भी पकड़ ढीली हो गई। नतीजा यह हुआ कि पार्टी के साथ नेताओं का भी बर्चस्व जाता रहा और स्थानीय स्तर पर भी कांग्रेस का वो कद नहीं रहा जो पहले कभी हुआ करता था। इस स्थिति से पार्टी को उबारने के लिए राहुल गांधी और उनकी सीमित टीम जी-जान से लगी रही। यहां कहना गलत न होगा कि राहुल की मेहनत पर पानी फेरने का काम विरोधी सियासी पार्टियों और उनके नेताओं ने उतना नहीं किया जितना कि खुद कांग्रेस के असंतुष्ट नेताओं ने किया। बात अगर गुजरात राज्य की ही कर लें तो यहां कांग्रेस पिछले तीन दशकों से सत्ता से बाहर है। ऐसे में दावा किया जा रहा है कि गुजरात में युवाओं की एक ऐसी पौध तैयार हो चुकी है जिसे शायद यह भी न पता हो कि कांग्रेस की रीति-नीति और उसकी सरकार क्या और कैसे काम करती है। बहरहाल यह कहने की बात है, क्योंकि यहां यह नहीं भूलना चाहिए कि गुजरात में कांग्रेस का लगभग 30 प्रतिशत वोट शेयर है, जो यह संकेत देता है कि पार्टी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। पार्टी की नीति और रीति के प्रति जनता में लोकप्रियता बरकरार है। बस चुनाव के दौरान चाहने वालों और प्रशसंकों को वोट में कनवर्ट करने का जादू और फार्मूला पार्टी नेताओं ने भुला दिया है। यह कम बात नहीं है कि राहुल गांधी ने गुजरात में कांग्रेस की कमजोरी को स्वीकारा है और यह भी कहा है कि अगर संगठन में 30-40 लोगों को हटाना पड़े तो वो इसके लिए तैयार हैं। यह बयान न सिर्फ कांग्रेस की नीयत को दिखाता है, बल्कि एक नई शुरुआत की मंशा भी जाहिर करता है। पिछले 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने गुजरात में एक सीट जीती और करीब 31 प्रतिशत वोट हासिल किए थे। यह नतीजा भले ही मामूली हो, लेकिन कांग्रेस के लिए यह मनोवैज्ञानिक जीत थी, खासकर पिछले चुनाव में मिली करारी हार के बाद यह ऑक्सीजन जैसी प्रतीत हुई है। अब जबकि विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस का गठबंधन टूट चुका है, कांग्रेस को अकेले ही गुजरात में अपनी जमीन फिर से तैयार करने के लिए आगे बढ़ना चाहिए। वैसे भी पार्टी अधिवेशन के जरिए कांग्रेस ने एक बार फिर यह जतला दिया है कि वह गुजरात को हल्के में नहीं ले रही है। संगठन निर्माण, जनसंपर्क और आक्रामक राजनीति के जरिए वह बीजेपी को टक्कर देने की तैयारी कर रही है। हालांकि अभी बीजेपी गुजरात में बेहद मजबूत है, लेकिन राजनीति संभावनाओं का खेल है। अगर कांग्रेस अपने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत कर पाती है, नए और प्रभावशाली नेताओं को उभारती है और जनता से सीधा संवाद कायम करती है, तो आने वाले वर्षों में वह फिर से राज्य की राजनीति में दमदार वापसी कर सकती है। अंततः इस अधिवेशन से कोई जादुई मंत्र तो निकलता हुआ नहीं दिखा, लेकिन यह जरूर कहा जा सकता है कि कांग्रेस ने अपने घर को सजाने-संवारने के साथ ही एक विचारधारा के सूत्र में पार्टी को पिरोने का जो काम शुरू किया है यही शायद जीत की पहली शर्त होती है।*

# चिकित्सकों की अपठनीय लिखावट, मरीजों को लूटने की साजिश....

दुनियॉ के प्रत्येक क्षेत्र में नई–नई डिजिटल तकनीक के प्रयोग हो रहे है। हालात यह भी है कि इस तकनीकि दुनिया में आत्मनिर्भर जीवन जीने के लिए बुर्जग भी डिजिटल तकनीक का प्रयोग सीख रहे है। लेकिन इस आधुनिकता से पिछडा भारतीय चिकित्सको का एक बडा वर्ग ऐसा है जो मरीजो को दवा एंव चिकित्सा सलाह लिखते समय एक ऐसी लिपी का प्रयोग करते है,जिसे मरीज सहित अन्य व्यति को पढना तो दूर कभी कभी पर्चा लिखने वाले चिकित्सक को स्वयं का लिखा हुआ भी पढ पाना भी मुमकिन नही होता है। दिखने में मसला छोटा हो सकता है। लेकिन उच्च न्यायालय को भी अब इस पर बोलना पडा है। चिकित्सा पेशा विश्वास,मानवीयता से जुडकर आधुनिक तकनीक एंव पारदर्शिता में अनिवार्यता लिये है। लेकिन इस पेशे में पारांगत डाक्टरो को पंजाब एंव हरियाणा उच्च न्यायालय को लेखनी सुधारने का निर्देश देने मजबूर होना पडा है। तकनीक की दौड में शामिल रहने के बावजूद देश के साठ फीसदी चिकित्सक आपठ्य लिपि का प्रयोग मरीज के पर्चे में करते है। चिकित्सक द्धारा लिखा जाने वाला परामर्श पर्चे पर दवा,आवश्यक जॉचो एंव बीमारी के कालक्रम की लिखावट में इतनी अधिक अस्पस्टता एंव अपठनीयता है कि पंजाब एंव हरियाणा उच्च न्यायालय इसे आश्चर्यजनक एंव भयावह बताया है। अदालत ने कहा है कि कंप्यूटर युग में ऐसी स्थिति चिंताजनक है,जब चिकित्सक की लिखावट को कुछ ही केमिस्ट समझ पा रहे है। उच्च न्यायालय ने सुधार हेतु राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग, महाधिवक्ता एंव वरिष्ट अभिभाषको से मदद मॉगी है। हकीगत यह है कि देश के साठ फीसदी चिकित्सक मरीज को परामर्श एंव दवा को एक ऐसी लिपि में लिखते है कि उसे चुनिंदा दवा विक्रेता ही समझ पाता है। याचिकाकर्ता का कथन है कि किसी भी व्यति को अपनी स्वास्थ्य स्थिति जानने का हक होना चहिए एंव इसे संविधान के अनुच्छेद 21 में प्रद्धत जीवन के अधिकार से जोडकर देखना चहिए। आधुनिक समय में मरीज एंव परिजन चिकित्सक का प्रिस्क्रिप्शन एंव मरीज की मेडीकल हिस्ट्री त्वरित जानना चाहते है। जिससे वह समय पर बेहतर से बेहतर इलाज के साथ वैकल्पिक चिकित्सा में भी उपचार खोज सके। चिकित्सा पर्चे के माध्यम से वह इंटरनेट की मदद से दूर–दराज के अन्य चिकित्सको का भी परामर्श लेना चाहते है। लेकिन चिकित्सक द्धारा उपयोग में लाई गई अपठ्नीय लिपि के आगे सारी आधुनिक तकनीक असफल होती नजर आती है। आज जब जमाना इलेक्ट्रिोनिक्स गजट का है। डाक्टर डिजिटल संवाद कर रहे है। तब कागज–कलम के माध्यम से ऐसी लिपि का उकेरा जाना जिसे समय बीतने के बाद लिखने वाला ही पढने में असमर्थ हो जाए, मरीज का मात्र आर्थिक शोषण एंव उसे इलाज हेतु स्वयं तक सीमित रखने की मानसिकता है। जिसे बदले जाने कि आवश्यकता है। बडे शहर में कुछ चिकित्सक कम्प्यूटर के माध्यम से मरीज का पर्चा तैयार कर रहे है। लेकिन छोटे शहर एंव कस्बो में चिकित्सक अपठ्नीय लिपि का इस्तेमाल कर रहे है। इसके पीछे मेडीकल काउंसिल का तर्क भी बडा विचित्र है कि चिकित्सक मरीजो को देखते–देखते इतना अधिक थक जाते है कि उसके हाथो की कपकपी से हस्तलिपि बिगड जाती है। तर्क अविश्वसनीय एंव लोभ के मानसिकता से रचित जान पडता है। इसलिए मरीज एंव उसके परिजन केमिस्ट एंव पैथोलाजी का पता भी पर्चा लेते समय चिकित्सक से जान लेते है। इस अपाठ्य लिपि का खमियाजा मरीज तब भी भुगतता है, जब मरीज की बीमा कम्पनी यह कहकर मेडीकल क्लेंम निरस्त करती है कि बीमारी एंव दिये गये चिकित्सा लाभ में स्पस्टता नही है। इस प्रकार क्लेंम निरस्त होने से मरीज को एक बडा आर्थिक एंव मानसिक नुकशान भुगतने के लिए मजबूर होना पडता है। चिकित्सको की कूट रचित लिपि उस पक्ष को उजागर करती है, जहॉ परामर्श शुल्क के अतिरिक्त मरीज की दवा खरीददारी सहित पैथोलॉजी परिक्षण शुल्क में भी चिकित्सक हिस्सेदारी की भावना रखा करते है। मरीज को इस प्रकार ठगने की प्रवृति उस पेशे का कदाचरण है, जहॉ डाक्टर की सलाह ही मरीज का अंतिम विश्वास हुआ करता है। मरीज आर्थिक क्षमता न होने के बाबजूद चुनिंदा केमिस्ट एंव पैथेलॉजी पर मात्र इस डर से जाता है कि अन्य स्थान पर कराई गई जॉच या दवा को डाक्टर गुणवत्ताहीन बताकर निरस्त कर सकता है। लिपि का सांकेतिक रुप में प्रयोग मरीज को चिंहित दवा दुकान तक पहुचाने के साथ चिकित्सक का आशय यह भी रहता है कि मरीज अस्पताल या दवाखाने के परिसर में स्थित दवा दुकान एंव पेथालॉजी से ही सेवाए लेने तक सीमित रहे। ताकि सेवा देने वाले चिकित्सक को अतिरिक्त आर्थिक लाभ प्राप्त हो सके। आज के समय में अधिकांश चिकित्सक सिर्फ अकेले चिकित्सा परामर्श देने तक ही सीमित नही है। उनके माध्यम से दवा दुकानो सहित पैथोलॉजी लैब भी संचालित की जा रही है। जिसका एक मात्र उद्धेश्य मरीज एंव उसके परिजनो से गोपनीय तरीके से अधिकाधिक राशि वसूलना ही है। बाजार प्रतिस्पर्धा के चलते अन्य दवा संचालक जहॉ दवा के अंकित मूल्य पर रियायत देते है तो चिकित्सक द्धारा चिंहित दुकानदार अधिकतम विक्रय मूल्य पर ही दवा एंव अन्य सामाग्री का विक्रय मरीज को करते है। जेनेरिक दवाए अंकित मूल्य से प्रधानमंत्री जनऔषधी केन्द्रो पर कई गुना सस्ते दामो पर उपलब्ध है। लेकिन चिकित्सको की लिखावट मरीज को चुनिदा दवा दुकान से ही खरीददारी को मजबूर करती है। बर्ष 2023 में एक जनहित याचिका की सुनवाई करते हुए सर्वोच्च न्यायलय ने राष्ट्रीय चिकित्सा आयो (एनएमसी) को निंदेशित किया था कि वह सुनिश्चित करे कि प्रत्येक रजिस्टर्ड चिकित्सक यदि ब्रॉडेड दवा लिखता है,तो उसे विकल्प के रुप में जेनेरिक दवा के नाम या दवा का फार्मूला सुपाठ्य अछरो में लिखना आवश्यक होगा।

ताकि मरीज अपनी सुविधानुसार तौल–मोल के साथ दवा खरीद सके। अदालत ने कहा था कि भारतीय नागरिको के आर्थिक पक्ष का ख्याल रखना सरकार एंव स्थानीय प्रसाशन की प्राथमिकता में शामिल होना चहिए। लेकिन मेडीकल काउंसिल आंफ इंडिया के व्यापारी तर्क सुनने के बाद केन्द्र सरकार ने इस अनिवार्यता को शिथिल का दिया है। विकल्प के रुप में केन्द्र सरकार प्रधानमंत्री जनऔषधी केन्द्र खोल रही है। ताकि मरीजो को सस्ती दबा उपलब्ध हो सके। लेकिन चिकित्सको द्धारा मरीज के आर्थिक पक्ष का अनदेखा कर मात्र इतिकल(ब्रांडेड) औषधी लिखने के कारण प्रधानमंत्री जनऔषधी केन्द्र संचालक अपनी दुकानो पर ताला लगाने को मजबूर है। वह निजी अस्पताल जो कि आयुष्मान कार्डधारियो के मुफ्त इलाज के लिए अधिकृत है,वह भी इलाज महॅगी ब्रांडेड दवाओ से करते है। इन अस्पतालो के स्वयं की निजी दवा दुकाने है या अनुबंधित है, मरीज को सिर्फ एंव सिर्फ इन्ही दवा दुकानो से खरीदने हेतु निर्देशित किया जाता है। इन दुकानो पर जेनेरिक दवाओ की उपलब्धता नही रहती है। जबकि सरकार की प्राथमिकता में यह शामिल होना चहिए कि आयुष्मान योजना में पंजीकृत होने वाले अस्पाताल न केवल प्रधानमंत्री जनऔषधी से इलाज को प्राथमिकता दे,ब्लकि अपने परिसर में जनऔषधी केन्द्र को स्थापित भी करे। संसद में प्रस्तुत आंकडो में सरकार ने 01 जनवरी 2025 तक चालू वित्त वर्ष की अबधि में आठ सौं उन्सठ करोड मरीजो पर आयुष्मान भारत एंव जनआरोग्य योजना के द्धारा मुफ्त इलाज पर 1.19 लाख करोड की राशि खर्च की है। योजना में इलाज की प्राथमिकता यदि जेनेरिक दवाओ के लिए होती तो निश्चित सरकार की खर्च राशि में बडी बचत हुई होती। । उच्चतम न्यायालय के एक पूर्व अन्य आदेश में भी चिकित्सको द्धारा दवा कम्पनियो को विज्ञापित करना, दवा विशेष को प्रोत्साहित करना,कम्पनियो से प्रोत्साहन पाना,कम्पनी की पर्यटन यात्रा के लाभ लेने को कदावरण की श्रेणी में मानते हुए राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग को इसकी रोकथाम के लिए निंदेशित किया गया था।

विनोद के. शाह
अंबिका,
हास्पीटल रोड, चिदिशा
464001
मोबा.
9425640778

# बदलता टेम और फ़िलम शोले,आधुनिक सन्दर्भ..?

**व्यंग्य**

सत्तर के दशक में सन75 में,बेहद हिंसात्मक,मारधाड़ वाली स्टोरी रिलीज हुई थी ब्लॉक बस्टर्ड फिल्म शोले,इन उनपचास सालो याने पिछले पांच दशक से दो कलाकारों का मनोरंजन करती आई है।अब तीसरी,नई पीढ़ी के सामने यह फ़िल्म नए स्वरूप में,मोबाईल युग मे आ रही है।तब से अब तक इन पचास वर्षों में बहुत कुछ बदला है ।सब कुछ हो गया है उल्टा पुल्टा।अब वें पुरानी बंदूकें जो मप्र पुलिस के पास है जिन्हें चलाने पर गोली सामने नही पीछे लगती है।आज के डिजिटल जमाने में ऐसे खतरनाक, घातक हथियार, रिवाल्वर नबुदार हो गए हैं कि ट्रिगर दबाते ही आदमी सलट जाता है।हस्त चलित फोन से आप रामगढ़ क्या भेरूगढ़, डिब्रूगढ़ के खूंखार ठाकुर,खतरनाक दरबार को,बड़े सरगना को घर बैठे ही मोबाइल कर उसकी सिटीपिट्टी गुम कर सकते हो।वीडियो कॉल के जरिए बता सकते हो कि आपका चाचा,भतीजा हमारे कब्जे में है ।50 साल बाद न्यू एज शोले फ़िल्म के जय ओर वीरू प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित पक्की डामर,कांक्रीट सड़क से होकर,भनभनाट शिकारी गाड़ी÷थार÷ पर बैठकर ठसके से रामगढ़ पहुंचते है।सरकार की बहुचर्चित,बहु प्रसारित लाड़ली बहना योजना के तहत शासकीय आर्थिक मदद मिलने के बाद ÷बसंती÷ ने सरकार की मदद से एक विधुत टैक्सी खरीदी ली है।जो बगैर धुंआउड़ाए,प्रदूषण फैलाये ,आवाज किये,दोनों सज्जन जय-वीरू को बगैर चकर-चकर किये,मोबाइल पर नए गाने सुनाते-दिखाते हुए ठाकुर बलदेव सिंह के गांव डिब्रूगढ़ पहुंचा देते हैं।रास्ते में एक गुमटी पर वीरू माउथ फ्रेशनर का पाऊच भी खाता है ताकि मुंह से बदबू न आये और वो बसंती पर लाइन मार सके।जय ने कान में रुई नही ईयर फोन ठूंस रखे थे ताकि कोई दीगर बात नहीं सुनाई पड़े? डाकू गब्बर होली की सही तारीख जानने के लिए डिजिटल इंडिया के सस्ते इंटरनेट का इस्तेमाल करता है और होली की एक्यूरेट डेट निकाल लेता है।वीरू को सोशल मीडिया पर मंदिर को फ्लर्ट करने की जगह के रूप में इस्तेमाल करने के लिए फटकार लगाई जाती है।मंदिर, दर्शनार्थ होते है,यहां इश्कबाजी प्रतिबंधित होती हैं।वीरू को पढ़ाते समय बसंती को अनुचित तरीके से छूने के लिए एनसीडब्ल्यू से नोटिस मिलता है उसे पिस्तौल चलाने के लिए मना लेता है।प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से अनाज और अनाज मिलने के बाद गब्बर सिंह डाकू बनना बंद कर देता है।मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत बसंती और राधा दोनों की शादी जय और वीरू से हो जाती है।सामान्य तबके का कालिया कोई भी शासकीय योजनाओं का लाभ न मिलने से मुंह लपोड़ कर घर बैठा है।बीबी पूछ रही हैं तेरा क्या होगा कालियाऔर अब रहीम चाचा ने रामगढ़ को वक्फ अधिनियम के तहत समूचे रामगढ़ को वक्फ संपत्ति बताया है।इस मुद्दे पर ठाकुर बीडी एवं रहीम चाचा में भटाटोल भराणी है।रहीम काका अपने भतीजे फहीम को बीड़ी कारखाने में धंधा पानी मिलने की गरज से शहर भेजना चाहते हैं लेकिन भतीजा कोई और रोजगार की जुगाड़ में बैठा है।सरकार की मनरेगा योजना के अंतर्गत अपना जीवन स्तर ऊंचा उठाने के हिसाब से गवर्मेंट से अच्छा खासा ,भारी लोन लेने की फिराक में है जो कालांतर में लौटाना न पड़े,अपनी एसीतैसी कराकर सरकार ही कर्जा माफी स्कीम में मुआफ़ करे और भतीजा सरकारी धन डकार सकें?इस हस्त चलित फोनी युग मे अब अजान माइक से नही ,फोन से पता चलती है।सरकार का ÷राजस्व÷ बढाने के चक्कर मे बेचारा वीरू ,कभी पानी से न भरी गई टँकी के ऊपर चढ़कर ,मौसी से बसंती का रिश्ता मांगता है।यदि डोकरी हां करे तो वो मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के फार्म जमा करें?उधर भले आदमी गब्बर ने मितव्ययिता बरतते हुए सांभा को घर भेज दिया है।अब बापड़ा गब्बर मजबूरन रोबोट से कंपटीया उड़ाता है।उसको भी अब इस धंधे में कोई तंत नजर नही आता है।बंदूके पुरानी,स्टॉफ मेम्बर बीमार पड़ने से इसलिए वो मोबाईल की दुकान खोलने का लोन बैंक से उठाना चाहता है।फार्म,भरेल है,प्रक्रिया जारी है।काका चाहते हैं भतिजा, बीड़ी कारखाना में रुजगार करें,जहां काम का काम और फोकट में बीड़ी पीली,पर भतीजा भोजनालय में काम कर दो टेम खाना ,खाना चाहता है।बूढ़ा होने से गब्बर अब कैबरे पसंद नहीं करता है और फाइव जी मोबाईल से काम निकालता है।पुराने जमाने में उल्टे काम कर वो खूब गब्बर हो रहा था लेकिन अब लोग बाग माल घर की बजाय लॉकर में धरते है फलस्वरूप गब्बर ने भी अपना स्टॉफ कम कर दिया है?गब्बर का ठीया अप्रोरोचेबल होने से अब घोड़ों की जगह कारों से काम धकाया जाता है।

-दिनेश गंगराड़े, समरपार्क, निपानिया, इंदौर452010मप्र

**कहानी**

# मन का दर्पण



विकास ने झिझकते हुए निकिता को मोबाइल से बात करते हुए कहा - निकिता, मैं दिल्ली आफिस काम से आया हूं और कल एक मीटिंग अटैंड करने के बाद फ्री हो जाऊंगा। मेरी इच्छा तुमसे मिलने की है, यदि तुम्हें समय हो और मुझसे मिलने में तुम्हें कोई आपति न हो तो मैं तुम्हारे आवास पर आकर मिलूं ..! उधर से निकिता ने कहा कैसी बात कर रहे हो विकास..! तुम्हें मुझसे मिलने में भला क्यों आपत्ति होने लगी और रही बात समय की तो मुझे तो समय ही समय है। कभी भी घर पर आ सकते हो! कल ही क्यों आज भी आ जाओगे तो क्या हुआ, क्या किसी होटल में ठहरे हो ? हां निकिता, मैंने जयपुर से निकलने के दो दिन पहले होटल ड्रीम लैंड में अपने लिए एक कमरा बुक करा लिया था। आजकल बड़े शहरों में पहले से बुकिंग कराना ठीक रहता है। विकास ने कहा तो निकिता बोली - यहां, मेरे घर भी आ जाते तो भी तुम्हें कोई दिक्कत थोड़े ही होती। वो तो ठीक है निकिता, लेकिन तुम्हारे पति, तुम्हारे बच्चे आदि क्या सोचते कि मैं तुम्हारे घर को होटल समझ कर आ गया..! विकास ने तनिक परिहास करते हुए कहा तो निकिता हंस पड़ी और बोली - विकास, तुम अच्छा मज़ाक कर लेते हो। मेरे पति इतने पुराने ख़यालात वाले नहीं है और न ही मेरे बच्चे इतने तंग दिल कि अपने यहां आने वालों को एक दिन भी ठहरा न सके। खैर तुम्हारी कल आने की इच्छा है तो कल आ जाना, कहो तो तुम्हें लेने के लिए अपने हसबेंड को भेज दूं। अरे.. अरे..! ऐसा ग़ज़ब न कर बैठना, कहीं कर्नल साहब को गुस्सा आ गया तो वहीं आकर मुझे गोली मार देंगे। हंसते हुए विकास ने कहा तो निकिता बोली - तो क्या हुआ तुम तो वैसे भी गोली खाने के आदी हो..! हा..हा..! कर हंसते हुए निकिता ने कहा तो विकास ज़ोर का ठहाका लगा कर हंस पड़ा और बोला - निकिता तुम अभी भी पहले की तरह ही शरारती हो.. आदत गयी नहीं..कहीं कर्नल साहब सचमुच में..! अरे, अब कर्नल साहब की बात छोड़ो और कल आ जाओ फिर ढेर सारी बातें करेंगे। निकिता ने कहा और मोबाइल बंद कर दिया। विकास को सहसा विश्वास नहीं हुआ कि निकिता ने उसे बुलाया है और रही बात अपने पति की तो वह भी खुल कर बताई कि वे तंगदिल नहीं है। लगता है निकिता अपने पति को बहुत चाहती है और शायद कर्नल भी। लेकिन निकिता वैवाहिक जीवन जीते हुए भी उससे अभी भी वैसा ही व्यवहार और बातचीत कर रही थी जैसा कि पहले ज़ब वह और निकिता साथ साथ कॉलेज में पढ़ते थे। उस समय भी निकिता बिंदास थी और अभी भी..! यह तो सचमुच क़माल की बात थी। लगता है कि निकिता ने कर्नल साहब को नहीं बताया होगा कि कभी मैं उस पर जान छिड़कता था, लेकिन वह युवावस्था का समय और उस समय ऐसा होना सहज़ था। लेकिन अब परिपक्व उम्र थी और पहले जैसी बात भी नहीं थी। फिर भी विकास के मन में निकिता के प्रति वही आकर्षण और भावना थी। उस समय की इन बातों को तो अब तक तो निकिता भूल ही गयी होगी। यह एक तरह से अच्छी बात भी थी। विकास रह रह कर निकिता के बारे में सोचने लगा। वह सचमुच निकिता को चाहता था। लेकिन उसने निकिता को कभी खुल कर यह नहीं कहा था कि वह उससे प्रेम करता है। शायद इसी वज़ह से निकिता ने भी उस पर ध्यान नहीं दिया।लेकिन कमाल की बात तो यह थी कि इतने अरसे बाद भी निकिता उसे याद रखे हुए थी। खैर, ज़ब निकिता ने बुला ही लिया है तो जाना ही पड़ेगा। यह सोच कर विकास अपने होटल के रूम में सोने के लिए चला गया। अगले दिन वह दिल्ली के कुछ पर्यटन स्थलों को देखने के लिए टैक्सी से निकल पड़ा। उसने महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों में लोटस पार्क, म्यूज़ियम, कुतुब मीनार,लालकिला और चांदनी चौक आदि घूम फिर कर देखे। फिर अपनी पत्नी मधु और बच्चों के लिए कुछ खरीददारी की। एक मिठाई की दुकान से विकास ने मिठाई का पैकेट लेकर वह निकिता के बताए पते पर टैक्सी करके करौल बाग़ चल पड़ा। टैक्सी चालक को पूरा पता बता देने से वह कुछ ही घंटे में निकिता के घर पर जा पहुंचा। जैसे ही गेट पर विकास पहुंचा गेट मैन ने उसका नाम पूछा और वहीं से मोबाइल से निकिता को बताया कि विकास साहब आए हैं। फिर क्या था निकिता ने उन्हें घर में आने का गेटकीपर से कह दिया। गेट पर पहुंचते ही निकिता और कर्नल जसवीर ने भावभीना स्वागत किया और ड्राइंग रूम में ले गये। निकिता ने अपने पति जसवीर सिंह से विकास का परिचय कराया तो जसवीर ने बड़े जोश से उससे हाथ मिलाया और खुशी ज़ाहिर की। जसवीर सिंह से मिल कर विकास की बहुत सी धारणाएं बदल गयी।बातचीत से पता चला कि कर्नल जसवीरसिंह बहुत मज़ाकिया तबीयत के आदमी है। विकास ने यह भी सोच रखा था कि सेना में काम करते करते कई लोग खड़ूस तबीयत के हो जाते हैं, परंतु यहां तो सब कुछ उलटा था। जसवीर से मिल कर विकास को बड़ा अच्छा लगा। उसे निकिता की यह पसंद बड़ी अच्छी लगी।जसवीर और निकिता ने बड़े प्रेम से विकास से बातचीत की। विकास को कहीं से भी यह महसूस नहीं हुआ कि वह कई वर्ष बाद निकिता से मिल रहा है। उसे यह एहसास हो गया कि प्रेम ही एक ऐसी चीज़ है जो पति पत्नी और दोनों के रिश्ते को मज़बूत बंधन से बांधे रखती है। जसवीर और निकिता ने विकास का बड़े आदर और सम्मान से आवभगत तो की है। शाम को साथ में भोजन भी किया। विकास ने भोजनोपरान्त कहा - मैं पहले तो यहां आने से डर रहा था कि निकिता मुझे पहचानेगी भी या नहीं। फिर थोड़ा संकोच करते हुए आया, लेकिन यहां तुम दोनों का अपनत्व और प्रेम देख कर अभिभूत हो गया। मैं सचमुच बहुत प्रभावित हुआ हूं। जसवीर और निकिता ने हंसते हुए कहा - भाई यह तो कुछ भी नहीं है। यदि तुम हमारे विवाह की सालगिरह पर आते तो देखते कि हम किस तरह मनाते हैं। मुझे यह आभास हो गया है कि आप दोनों में बहुत प्रेम है, इसी कारण तो आपका परिवार इतना खुश रहता है। काश, हर पति पत्नी आपस में इतना प्रेम करने लगे तो घर निश्चय ही स्वर्ग बन जाता है। उसी रात को विकास ने सोच लिया कि वह भी अपनी पत्नी को उतना ही प्रेम करेगा, जितना कि उसकी पत्नी उससे करती है। पति पत्नी दोनों को एक दूसरे के मन के दर्पण में निहारते रहना चाहिए कि उसमें कोई धूल तो नहीं जमी है। उनके प्रेम में कोई कमी तो नहीं आई है। यदि कमी दिखाई देती है तो उसे दूर करने का प्रयत्न करना चाहिए। दोनों के मन दर्पण साफ़ और स्वच्छ होने चाहिए। अगले दिन सुबह होते ही विकास दोनों पति पत्नी से जाने की अनुमति लेकर अपने शहर के लिए रवाना हो गया।



डॉ.
रमेशचंद्र
100- सी, पार्श्वनाथ नगर,
अन्नपूर्णा मार्ग,
इंदौर -452-009
मो0 नं0 8319782218

# वीर बगीची में तीन दिवसीय महोत्सव का हुआ प्रारंभ

## 71 द्रव्यों से हुआ अलीजा सरकार का विग्रह अभिषेक

इन्दौर। कैलाश मार्ग तीर्थ धाम क्षेत्र स्थित वीर बगीची में आयोजित 3 दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव का श्रीगणेश गुरूवार को अलीजा सरकार के महाअभिषेक से हुआ। सुबह के सत्र में गादीपति ब्रह्मचारी पवनानंदजी महाराज के सान्निध्य में विद्वान पंड़ितों, वेदपाठी बटुकों ने वैदिक मंत्रोउच्चार के बीच अलीजा सरकार का महाअभिषेक किया।

अलीजा सरकार को दूध, दही, घी, शहद, शक्कर, पंचामृत, केशर, चंदन, भस्म, इत्र सहित 31 प्रकार की औषधियां एवं 31 प्रकार के फलों के रस महाअभिषेक किया गया। अभिषेक के दौरान वैदिक मंत्रोउच्चार भी गूंजते रहे। दोपहर में विद्वान पंड़ितों द्वारा रक्षा सूत्र को अभिमंत्रित किया गया। वहीं शाम को 1100 दीपों से वीर बगीची रोशन हुई। जिसमें 20 बाय 20 की रंगोली बनाई गई जिसे फूलों व दीपों से सजाया गया। रंगोली के माध्यम से अलीजा सरकार के दरबार में आने वाले भक्तों को हनुमान यात्रा का निमंत्रण भी दिया गया।

गादीपति ब्रह्मचारी पवनानंदजी महाराज ने बताया कि वीर बगीची में आयोजित तीन दिवसीय महोत्सव ब्रह्मलीन ब्रह्मचारी श्री 1008 कैलाशानंद जी, ब्रह्मचारी ओंकारानंदजी एवं ब्रह्मचारी प्रभुवानंद



सद्गुरूदेव भगवन की प्रेरणा से आयोजित किया जा रहा है। गादीपति ब्रह्मचारी पवनानंदजी महाराज ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव पर आयोजित महोत्सव में गुरूवार को विग्रह अभिषेक से हुआ।

संध्या को दीपदान महोत्सव में 1100 दीपों से अलीजा सरकार का दरबार व राजभवन रोशन किया गया। अलीजा सरकार के भक्त अपने घरों से दीपक लाए व दरबार आकर उसे रोशन किया।

### दीपों के साथ ही राजभवन ने मोहा सभी भक्तों का मन

तीन दिवसीय हनुमान जन्मोत्सव में राजभवन की थीम पर सजा अलीजा सरकार का दरबार यहां आकर्षण का केंद्र बना। लिप्पन कलाकृति से बनाए गए इस राजभवन में प्लायवुड पर क्ले व कांच के टुकड़ों से सजावट की गई है। इसी के साथ मंदिर परिसर को व्हाईट कपड़े पर 50 कारपेट लगाए गए हैं।

### रेड कारपेट पर चलकर भक्त करेंगे अलीजा सरकार के दर्शन

तीन दिवसीय महोत्सव के दौरान वीर बगीची दुधिया रोशनी में नजर आएगा तो वहीं मालवा-निमाड़ व विदेशों से आने वाले भक्तों के लिए भी विशेष व्यवस्था भक्त मंडल द्वारा की गई है। जिसमें बगीची के मुख्य द्वार से अलीजा सरकार के दरबार तक रेड कॉर्पेट बिछाया गया है।

# माणिक ,मोती, आभूषणों में सजे भगवान महावीर

इंदौर। भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर पिपली बाजार स्थित श्री दादा साहब मंदिर में माणिक मोती और विभिन्न रत्नों से भगवान का मनमोहक श्रृंगार पुंडरीक पालरेचा ने किया गया, दर्शनों के लिए बड़ी संख्या में समाजजन पहुंचे, वही आज भव्य शोभा यात्रा में मातोश्री पालरेचा परिवार की ओर से पावापुरी चित्र अंकित टोपी एवं रत्न जड़ित दुपट्टा पहना कर समाज जनों का आत्मीय स्वागत किया गया।



भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती अवसर पर भव्य अंग रचना मनमोहक श्रृंगार पिपली बाजार स्थित श्री दादा साहब मंदिर में किया गया। पुंडरीक पालरेचा ने बताया कि भगवान का दिव्य रत्न आभूषणों से श्रृंगार किया गया, हीरे, मोती माणिक आदि रत्न से प्रभु की छ्ठा निराली लग रही थी, दोपहर 12 बजे से 3.30 बजे तक तकरीबन साढ़े तीन घंटे में पुंडरीक पालरेचा और दिलीप पुजारी ने इस भव्य मनोहरी आकर्षक श्रंगार को स्वरूप प्रदान किया,दर्शनार्थियों को भी यह रूप मनमोहन रहा था। भगवान महावीर जन्म कल्याणक उत्सव में श्वेतांबर जैन महा संघ न्यास के तत्वावधान में आयोजित विशाल रथ यात्रा जब गौराकुंड चौराहा से नेमीनाथ चौक बड़ा गणपती की ओर बड़ी विशाल रथ यात्रा का भव्य स्वागत मातुश्री पालरेचा परिवार द्वारा किया गया। शांतू पालरेचा, पुंडरीक पालरेचा द्वारा यात्रा मैं शामिल सभी गणमान्य लोगों एवं युवाओं का पावापुरी चित्र अंकित टोपी एवम् दुपट्टा पहनाया गया खासकर की परिवार की महिलाएं (अंकिता, नेहा)एवम् बच्चों ने प्रभु को हीरे, मोती, सोना, चांदी, नग, नगीने से भाव पूर्वक इन्हें बनाया था, इस अवसर पर सुधीर सेठिया, दीपक सुराणा, दिलीपजी खिमेसरा, प्रवीण बोराणा, कैलाश नाहर, स्वप्निल कोठारी, प्रकाश बॉटल वाले, डॉ बसंत लूनिया भी शामिल हुए।

# बिजलपुर में भागवत कथा कलश यात्रा के साथ शुरू



इन्दौर। चंद्रवंशी खाती समाज धर्मशाला बिजलपुर में आचार्य देव महाराज (वृंदावन) के श्री मुख से आयोजित सार्वजनिक भागवत कथा का शुभारंभ कलश यात्रा के साथ हुआ। कलश यात्रा में क्षेत्र की सैकड़ों महिलाओं ने हिस्सा लिया।

संयोजक कपिल बोरवाला व अमर पटवारी ने बताया कि कथा आचार्य देव महाराज (वृंदावन) द्वारा 14 अप्रेल तक कथा प्रतिदिन सुबह 11 बजे से 2 बजे तक सुनाई जाएगी। पहले दिन की कथा में आशीष पटवारी, अजय पटेल, केतन बागवाला, निखिलेश बागवाला, अंकित चौधरी, अनुराग मुनीम, आकाश पटेल, अंकित वर्मा, प्रीतेश पटेल सहित सैकड़ों भक्त उपस्थित रहे।

# जैन समाज के द्वारा भव्य जुलूस




इन्दौर। महावीर जन्म कल्याणक के उपलक्ष्य में जैन समाज के द्वारा भव्य जुलुस राजवाड़ा से दलाल बाग निकला जिसमे जैन समाज के हजारों लोग शामिल हुए।

इस जुलुस मे आदिनाथ पूजा मंडल द्वारा भव्य झांकी बनाई गई जिसकी सभी जैन बंधुओ ने काफी प्रशंसा की है। पहली झांकी मे माँ त्रिशला के 14 स्वप्न दर्शाए गए।

दूसरी झांकी में महावीर भगवान का अभिषेक करते हुए दिखाया गया है तथा तीसरी झांकी में संवत शरण के ऊपर महावीर स्वामी भगवान देशना देते हुए दर्शाए गए है।

यह झांकी आदिनाथ मंडल द्वारा सुचित्रा शाहजी ,मंजुला धारीवाल जी एवं आदिनाथ पूजा मंडल के सभी सदस्यो के सहयोग से बनाई गई है।

# सज गया मनमोहक दरबार, बंधे तोड़ा द्वार, श्री चिंतामण हनुमान बालाजी की भव्य शोभायात्रा आज शाम

इंदौर। रोबोट चौराहा स्थित प्राचीन श्री चिंतामणि हनुमान मंदिर से इस वर्ष भी हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। मंदिर परिसर में भव्य तोरण द्वार ओर श्रृंगार किया जा रहा है।

यह शोभायात्रा हनुमान जन्मोत्सव के एक दिन पूर्व 11 अप्रैल को संध्या 5 बजे मंदिर परिसर से प्रारंभ होगी।

यात्रा रोबोट चौराहा, एम आर-9, बर्फानी धाम, एबी रोड, बीआरटीएस होते हुए पुनः मंदिर प्रांगण में संपन्न होगी।

### रंग पंचमी से शुरू हुई तैयारियां

मंदिर के प्रमुख पुजारी पंडित शैलेंद्र बसंत जोशी, कमलेश्वर सिंह सिसोदिया ने बताया कि शोभायात्रा की तैयारियां रंग पंचमी से ही शुरू हो चुकी हैं।

अलग अलग बैठकों का दौर जारी है यात्रा में भोलेनाथ और हनुमानजी के स्वरूप में नृत्य करते कलाकार, महिलाओं की भजन मंडलियां, महाकाल डमरू मंडल, मर्दाना मंडल, ढोल-नगाड़े, और डीजे की धुन पर झूमते श्रद्धालु आकर्षण का केंद्र रहेंगे।

### श्री हनुमान जी की भव्य पालकी होगी मुख्य आकर्षण

यात्रा के प्रमुख आकर्षणों में श्री हनुमान जी की भव्य पालकी एवं रथ में विराजित प्रतिमा रहेगी, जिनका स्वागत विभिन्न मंचों पर किया जाएगा।

सभी श्रद्धालु भगवा ध्वज थामे धार्मिक वेशभूषा में शोभायात्रा में सम्मिलित होंगे। मंदिर पहुंचने पर बाबा की सवारी का पुष्पवर्षा एवं आतिशबाजी से स्वागत किया जाएगा।

तत्पश्चात महाप्रसादी वितरण होगा।

# पार्षद राजू भदौरिया को बाउंड ओवर करेगी पुलिस

इन्दौर। एसीपी कोर्ट से कांग्रेस पार्षद राजू उर्फ पुष्पेंद्रसिंह भदौरिया को दर्ज आपराधिक प्रकरण मामलों में नोटिस भेज वकील के साथ बुलाया था लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए जिसके चलते कांग्रेस पार्षद राजू उर्फ पुष्पेंद्रसिंह भदौरिया पर पुलिस बाउंड ओवर की कार्रवाई कर सकती हैं। हीरानगर थाना प्रभारी पप्पूलाल शर्मा के अनुसार राजू भदौरिया के विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक प्रकरण दर्ज है।

दोबारा विवाद की आशंका को देखते हुए धारा 126 एवं 135 (बीएनएस) के अंतर्गत इस्तगाशा पेश किया गया था। इस्तगाशा के साथ में राजू का आपराधिक रिकार्ड भी लगाया गया है। थाना प्रभारी के अनुसार पुष्पेंद्र उर्फ राजू पुत्र उदयसिंह भदौरिया के कारण क्षेत्र की शांति व्यवस्था भंग होने की संभावना है। एसीपी (हीरानगर) डीएस येवले ने धारा 132 (बीएनएस) के तहत नोटिस जारी कर राजू को कोर्ट में पेश होने के लिए कहा लेकिन वह नहीं पहुंचा जिस पर आगामी वैधानिक कार्रवाई संभावित है। बता दें कि पार्षद राजू भदौरिया निगम चुनाव के दौरान हुए एक विवादित मामले में गिरफ्तार होकर जेल भेज दिए गए थे और चुनाव परिणामों में उनकी जीत की घोषणा उनके जेल में रहने के दौरान ही हुई थी।

# तीन दिवसीय भारतीय पत्रकारिता महोत्सव कल से

### सप्तऋषि सम्मान से अलंकृत होंगे वरिष्ठ मीडियाकर्मी

**इंदौर।** भारतीय पत्रकारिता महोत्सव के अंतर्गत स्टेट प्रेस क्लब म.प्र. राष्ट्रीय, प्रादेशिक और इंदौर के मीडियाकर्मियों को मूर्धन्य सम्पादक श्री राहुल बारपुते, श्री राजेन्द्र माथुर, श्री प्रभाष जोशी, श्री माणिकचंद वाजपेयी, श्री रमेशचंद्र अग्रवाल, श्री अभय छजलानी एवं डॉ. वेद प्रताप वैदिक की स्मृति में सप्तऋषि सम्मान से अलंकृत करेगा। वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव को श्रीनरेश मेहता स्मृति लाइफ टाइम एच्यूवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। शुक्रवार 11 अप्रैल को शाम 7:30 बजे अभिनव कला समाज सभागृह में आयोजित सप्तऋषि सम्मान समारोह में इन्दौर शहर के 61 सक्रिय मीडियाकर्मियों एवं 15 वरिष्ठ फोटोग्राफर को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, महापौर पुष्यमित्र भार्गव, भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, पूर्व जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा एवं प्रदेश भाजपा प्रवक्ता नरेन्द्र सलूजा मीडियाकर्मियों को सम्मानित करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी प्रवीण कक्कड़ करेंगे। रविवार 13 अप्रैल को दोपहर 1 बजे जाल सभागृह में सप्तऋषि प्रादेशिक सम्मान समारोह के अंतर्गत




मध्यप्रदेश में आत्मनिर्भर पत्रकारिता करने वाले मीडियाकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वालों की सूची में व्हिसपर्स इन द कॉरिडोर के डॉ. सुरेश मेहरोत्रा, पॉवर गैलरी के दिनेश गुप्ता, वक्षुदर्शी न्यूज पोर्टल के राकेश अचल, एडिटर इन चीफ द सूत्र के आनंद पांडे, हम समवेत न्यूज पोर्टल के ऋषभराज सिंह, न्यूज पुराण डॉट कॉम के मंगला प्रसाद मिश्रा, मीडियावाला डॉट इन के सुरेश तिवारी, बुंदेती बौछार के सचिन चौधरी, एमपी ब्रेकिंग न्यूज के गौरव शर्मा, पीटीआई के जयप्रकाश श्रीवास, दैनिक भास्कर के विनोद तिवारी शामिल है। सोमवार 14 अप्रैल को सायं 7 बजे जाल सभागृह में सप्तऋषि राष्ट्रीय सम्मान समारोह के अंतर्गत राष्ट्रीय पटल पर पैनी पत्रकारिता करने वाले मध्यप्रदेश के मीडियाकर्मियों को सम्मानित किया जाएगा। सम्मानित होने वालों की सूची में एनडीटीवी के अखिलेश शर्मा, स्वदेश के राकेश शुक्ला, अमर उजाला के प्रणय उपाध्याय, राजस्थान पत्रिका के अभिषेक तिवारी, डीडी न्यूज के प्रखर श्रीवास्तव, न्यूज नेशन के डॉ. कपिल शर्मा, डीएवीपी के दुर्गानाथ स्वर्णकार, लोकमत समाचार के रवीन्द्र अनंत भजनी, बीएनएच के प्रमोद राघवन, न्यूज 24 एमपीसीजी के अभिलाष मिश्रा, डीडी न्यूज के सुश्री संध्या शर्मा शामिल है।

### महापौर परिषद के तीन सदस्यों की कमेटी गठित, करेंगी गणेशगंज मामले की जांच

**इन्दौर ।** नगर निगम की सम्पत्ति बजावरी केस में कुर्क कराने वाले मिश्रा जी के खिलाफ इंदौर नगर निगम के अधिकारियों के द्वारा बदला लेने के लिए उनके निवास गणेशगंज पर की गई कार्रवाई की जांच के लिए तीन सदस्यों की कमेटी महापौर परिषद के निर्देश पर बनाई जा रही है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव के अनुसार इस कमेटी द्वारा पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट परिषद को सौंपी जाएगी। इस रिपोर्ट से यह स्पष्ट हो जाएगा कि इस बदले की गलत कार्रवाई करने के लिए निगम के कौन कौन अधिकारी जिम्मेदार है, जिम्मेदार पाए जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## जल गंगा संवर्धन अभियान में सुन्दरसी की 200 वर्ष पुरानी बावड़ी पर श्रमदान कर सफाई की

**शाजापुर।** मुख्यमंत्री एवं जन अभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ. मोहन यादव एवं परिषद के उपाध्यक्ष (राज्यमंत्री दर्जा) श्री मोहन नागर के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद् शाजापुर द्वारा आज आदर्श गांव सुन्दरसी (सुंदरगढ़) की 200 वर्ष पुरानी (रावला) बावड़ी पर श्रमदान कर सफाई की गई।





मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की चयनित नवांकुर संस्था अराधना जनकल्याण सामाजिक समिति द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत आदर्श गांव सुन्दरसी में महाँकाल मंदिर के पास रावला बावड़ी पर श्रमदान व स्वछता का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नवांकुर संस्था आराधना जनकल्याण सामाजिक समिति के जीवनसिंह परिहार ने जल गंगा संवर्धन अभियान एवं जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि समाज को एकजुट होकर उन सार्वजनिक जल स्त्रोतों का पुनरुद्धार करना चाहिए, जो पूर्वजों द्वारा निर्मित किए गए थे और अब अस्तित्वहीन हो रहे हैं। इनमें कुएं, बावड़ियां, तालाब, नदियां पर सामाजिक सामूहिकता व जन भागीदारी के साथ कार्य करने के लिए जागरूक किया जाना आवश्यक हैं। इस अवसर पर श्री विष्णु गुर्जर, सरपंच श्री राठौड, श्री राम गुर्जर, मुकेश प्रजाप रोजगार सहायक, श्री अर्जु शिवराज सिंह राठौड़, लता बाघेला, नवांकुर संस्था के श्री जीवनसिंह, प्रस्फुटन समिति के डॉ. राजेन्द्र सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### पानी की समस्या को लेकर कांग्रेस द्वारा

## शुक्रवार 11 अप्रैल को किया जाएगा अधिकारियों का घेराव, नगर निगम पर होगा प्रदर्शन



**देवास ।** देवास शहर में लगातार पानी की समस्या गंभीर होती जा रही है पूरे शहर में पानी के लिए त्राहिमाम मचा हुआ है नगर निगम के अधिकारी महापौर और भारतीय जनता पार्टी की परिषद पूरी तरह से शहर के लोगों को पानी उपलब्ध कराने के लिए असफल साबित हुई है। गर्मी के इस शुरुआती दौर में पानी की इतनी समस्या है तो आगे तो अभी गर्मी बाकी है पानी का क्या होगा। शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष मनोज राजानी व कार्यकारी अध्यक्ष प्रवक्ता सुधीर शर्मा ने बताया कि पानी की समस्या को लेकर शहर कांग्रेस कार्यालय पर एक आवश्यक बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया की नगर निगम के अधिकारियों, महापौर का घेराव किया जाए इसी को लेकर शुक्रवार 11 अप्रैल को सभी कांग्रेस जन 10:30 बजे चामुंडा कांप्लेक्स पर इकट्ठा होंगे वहां से नगर निगम जाएंगे ,प्रदर्शन करेंगे घेराव करेंगे एवं ज्ञापन देंगे। कांग्रेस के सभी वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारीयो ,कार्यकर्ताओं एवं कांग्रेस संगठन के सभी प्रकोष्ठों से अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहकर प्रदर्शन में भाग ले।

### ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए आंगनवाड़ी केन्द्रो के संचालन समय में परिवर्तन

**शाजापुर।** राज्य शासन द्वारा दिये गए निर्देश के अनुसार ग्रीष्म ऋतु को दृष्टिगत रखते हुए जिले की आंगनवाड़ी केन्द्रो के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी सुश्री नीलम चौहान ने बताया कि बच्चों को लू (तापघात) के प्रकोप से बचाव को ध्यान में रखते हुए आगामी आदेश तक जिले की समस्त 1054 आंगनवाड़ी केन्द्रों के संचालन का समय प्रातः 08ः00 से दोपहर 12ः00 बजे तक एवं रिकार्ड संधारण, गृह भेंट तथा अन्य कार्य हेतु समय दोपहर 12ः00 से 03ः00 बजे तक का समय निर्धारित किया गया है।

### होम्योपैथी के जनक डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन के जन्मदिन पर शिविर का आयोजन



**शाजापुर ।** होम्योपैथी के जनक डॉक्टर सैमुअल हैनीमैन के जन्मदिन पर आज शासकीय होम्योपैथी औषधालय सुनेरा मे शिविर का आयोजन किया गया। प्रारंभ मे होम्योपैथी के जनक डॉक्टर हैनीमैन और भगवान धन्वंतरि के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलित कर शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर में 130 मरीजों ने लाभ लिया। शिविर में जिला आयुष अधिकारी डाक्टर दाताराम जयंत, ग्राम पंचायत सरपंच श्री सुखराम धाकड़, डाक्टर एमएम काशिर, श्री पोप सिंह धाकड़, श्री धर्मेंद्र भंडारी, श्री भारत शुक्ला, होम्योपैथी चिकित्सक डाक्टर ललीत शर्मा, डाक्टर दिव्या दुबे, डाक्टर मोहम्मद इरशाद, श्री बीएस हनोतिया, सुश्री प्रियंका खंडेलवाल, श्री घनश्याम, श्री संजय प्रतिनिधि और गांव के जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

## थाना मोहन बडोदिया पर की गई कुल 22 वाहनों की निलामी

**शाजापुर ।** पुलिस मुख्यालय द्वारा दिनांक 01.04.25 से 30.04.25 तक विशेष अभियान चलाकर थानो पर जप्त वाहनो का अधिक से अधिक निराकरण करने हेतु दिशा निर्देश जारी किये गये है। जिस पर थाना मोहन बडोदिया पर 25 पुलिस एक्ट में जप्त वाहनों की नीलामी की कार्रवाई की गई ।



श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय शाजापुर श्री यशपाल सिंह राजपुत के आदेशानुसार व श्रीमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री टीएस बघेल, श्रीमान अनुविभागीय अधिकारी महोदय श्री गोपाल सिंह चौहान के मार्गदर्शन मे थाना प्रभारी मोहन बडोदिया का. निरीक्षक प्रेम किशोर व्यास को निर्देशित किया गया था कि वरिष्ठ कार्यालय के आदेश के पालन मे थाना परिसर मे जप्त वाहनो का अधिक से अधिक निराकरण करवाया जावे। जिस पर से दिनांक 09.04.25 को श्रीमान एसडीएम महोदया सुश्री मनीषा वास्कले शाजापुर व तहसीलदार मोहन बडोदिया श्री सुनील पाटिल द्वारा थाना मोहन बडोदिया पर 25 पुलिस एक्ट मे जप्त 21 दो पहिया वाहन मोटर साईकले व 01 चार पहिया वाहन बोलेरो कार कुल 22 वाहनो की निलामी की कार्यवाही करवाई गई। उक्त निलामी की कार्यवाही मे मोहन बडोदिया थाना प्रभारी कार्य0 निरीक्षक प्रेमकिशोर व्यास व कार्य प्रआर. 746 भंवरलाल वर्मा, आर. 722 दिनेश दाँगी, आर. 246 देवीसिंह दाँगी, आर. 362 सुरेश राठौर व थाना स्टॉफ की महत्वपुर्ण भुमिका रही ।

# इंदौर के मुकाबले भोपाल मेट्रो का काम पिछड़ा

भोपाल (ईएमएस)। प्रदेश में भोपाल और इंदौर मेट्रो का काम भले ही एक साथ शुरू हुआ, लेकिन इंदौर मेट्रो का काम काफी आगे निकल गया है। मेट्रो कंपनी के निर्माण कार्य के चलते सुभाष नगर से एम्स तक संचालन शुरू नहीं हो पा रहा है। सूत्रों कि मानें तो भोपाल में मई-जून तक ही कॉमर्शियल रन शुरू हो पाएगा। इसलिए भोपाल की बजाय इंदौर में पहले कॉमर्शियल रन होगा।



### इंदौर मेट्रो का इसी माह कमर्शियल रन

इंदौर मेट्रो का कॉमर्शियल रन इसी महीने होने का रास्ता साफ हो गया है। सीएमआरएस (कमिश्नर ऑफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी) की टीम ने इंदौर मेट्रो को हरी झंडी दिखाते हुए अपनी ओके रिपोर्टर दे दी है। सरकार के सूत्रों की मानें तो एमपी सरकार इस महीने ही कॉमर्शियल रन इंदौर में कराना चाहती है। मेट्रो में सफर करने वाले यात्रियों के लिए न्यूनतम किराया 20 रुपए तय किया गया है।

बताया जा रहा है कि इंदौर मेट्रो के कॉमर्शियल रन को हरी झंडी दिखाने पीएम नरेंद्र मोदी आ सकते हैं, एमपी सरकार की मंशा है कि इस रन के शुरू होने के दौरान पीएम मोदी मौजूद रहें।

वहीं मेट्रो अधिकारी इस पूरे मामले में अभी कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। इंदौर के लोगों के मेट्रो में सफर करने में अब कोई बाधा नहीं बची है। यात्रियों के लिए मेट्रो चलाने की मेट्रो प्रबंधन की पूरी तैयारी है। सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर के पांचों मेट्रो स्टेशन पर स्टाफ, टिकट काउंटर सहित अन्य इंतजाम भी हो चुके हैं। ऐसे में प्रदेश सरकार चाहेगी तो जल्द ही मेट्रो का कॉमर्शियल रन शुरू किया जा सकेगा।

बता दें कि सीएमआरएस ने 24-25 मार्च को ही मेट्रो का तीसरा और अंतिम निरीक्षण किया था। फिलहाल सुपर कॉरिडोर पर गांधी नगर से टीसीएस चौराहा तक 6 किमी हिस्से में मेट्रो दौड़ेगी। सुपर प्रायोरिटी कॉरिडोर पर गांधीनगर स्टेशन, सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर 3, 4, 5 और 6 कुल पांच स्टेशन आएंगे। इनमें इलेक्ट्रिकल सेक्शन, प्लेटफॉर्म, लिफ्ट, एस्कलेटर सहित सभी सुविधाएं जुटाई जा चुकी हैं। ट्रेन को न्यूनतम व अधिकतम गति से चलाकर देखा जा चुका है।

### कॉमर्शियल रन में सिर्फ 2 मिनट लगेंगे

इंदौर में येलो लाइन का प्रायोरिटी रूट कुल 5.9 किमी का है। इसमें 5 स्टेशन रहेंगे। कॉमर्शियल रन के दौरान हर स्टेशन पर मेट्रो सिर्फ 2 मिनट में पहुंचेगी। अभी पांच स्टेशन मेट्रो डिपो से लेकर सुपर कॉरिडोर स्टेशन नंबर 3 के आगे तक टेस्टिंग हो रही है, जो दिन और रात दोनों समय की जा रही है।

बताया जा रहा है कि कॉमर्शियल रन के दौरान जब इस रूट पर मेट्रो चलेगी तो वह हर 2 मिनट में एक स्टेशन पर पहुंच जाएगी।

## इन्दौर मेट्रो तैयार, सरकार की हरी झंडी का इंतजार

### कमिश्नर आफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमआरएस) से मिला फाइनल क्लीयरेंस

इन्दौर। सुपर प्रायोरिटी कारिडोर के 5.9 किलोमीटर हिस्से, मेट्रो कोच व डिपो को कमिश्नर आफ मेट्रो रेलवे सेफ्टी (सीएमआरएस) से फाइनल क्लीयरेंस मिलने के बाद अब इन्दौर में सुपर प्रायोरिटी कारिडोर के पांच मेट्रो स्टेशन के बीच मेट्रो का कमर्शियल रन शुरू करने का रास्ता साफ हो गया है। जिसके चलते अब इन्दौर में इन स्टेशनों के बीच मेट्रो कभी भी चलाने की घोषणा की जा सकती है। सुपर प्रायोरिटी कारिडोर के पांचों मेट्रो स्टेशन पर स्टाफ, टिकट काउंटर सहित अन्य व्यवस्थाएं भी की जा चुकी है बस प्रदेश सरकार की हरी झंडी का इंतजार है।

### भगवान श्री महावीर स्वामी जन्म कल्याणक पर हुए अनेक आयोजन, शोभायात्रा मे शामिल हुए समाजजन

# अहिंसा प्रवर्तक भगवान श्री महावीर ने संदेशो का अनुशरण ही विश्व कल्याण, एवं शांति का मार्ग बना सकता है- पौराणिक

**हाजी इकबाल कुरैशी, कुक्षी।सम्पूर्ण जगत को अहिंसा परमो धर्म का सन्देश देकर विश्व कल्याण एवं शांति प्रेरक भगवान श्री महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक दिवस पर आज जैन श्वेताम्बर श्री संघ ने विभिन्न कार्यक्रम आयोजीत किए।**





प्रातः से जैन श्रावक एवं श्राविकाओं द्वारा प्रभु श्री महावीर स्वामी जी की प्रतिमा के पक्षाल, एवं केशर चन्दन पूजा की। पश्चात् प्रभु श्री महावीर स्वामी जी का वरघोड़ा शान्तिनाथ काम्प्लेक्स से प्रारम्भ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से निकला जहा प्रभु वरघोड़ा का समाजजनों द्वारा अक्षत, श्री फल की गहुली कर अभिनन्दन किया गया। स्थानीय जैन उपाश्रय पर एक धर्म सभा मे जैन संघ रत्न श्री मनोहर लाल पौराणिक ने समाज जनों को सम्बोधित करते हुए कहा की प्रभु श्री महावीर स्वामी ने समाज को करुणा, प्रेम और आत्मसंयम का संदेश दिया. उन्होंने बताया कि सच्चा सुख बाहरी भोग-विलास में नहीं, बल्कि आत्मा की शुद्धि और संयमित जीवन में है. उनका जीवन अहिंसा, सत्य, ब्रह्मचर्य जैसे सिद्धांतों पर आधारित था, जो आज भी लोगों को एक नैतिक और शांतिपूर्ण जीवन जीने की प्रेरणा देता है। श्री पौराणिक के बताया की आदिकाल से जैनत्व का प्रभाव आमजनों मे रहा है भगवान श्री महावीर स्वामी द्वारा बताये जैनत्व सिद्धांत के प्रतिपालन समाज के हर वर्ग ने अपनाये है आज सम्पूर्ण विश्व मे जैनत्व का प्रभाव बढ़ रहा है जिसका उदाहरण विगत दिवस महामंत्र नवकार दिवस पर देखा गया। धर्म सभा के दौरान तीर्थ तालनपुर समिति द्वारा प्रभु के जन्म कल्याणक दिवस पर जीवदया मे कुक्षी की लक्ष्मी गौशाला मे गौग्रास के लिए 11 हजार रु का चेक गौशाला समिति सदस्य अतुल जैन (एडवोकेट) को दिया। धर्मसभा के समापन सधार्मिकवात्सल्य का आयोजन किया गया। संध्या को प्रभु श्री महावीर स्वामी जी मंदिर पर आरती का आयोजन होगा।

# मुख्यमंत्री को सक्षम कार्यक्रम का मोमेंटो भेंट कर जीवन कौशल कार्यक्रम की जानकारी दी

डही। कुक्षी में स्वयं सहायता समूह सम्मेलन सह पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को सक्षम कार्यक्रम की ब्लॉ%क मैनेजर संध्यॢ राजपुरोहित ने सक्षम कार्यक्रम का मोमेंटो भेंट कर जनजातीय कार्य विभाग एवं मेजिक बस फाउंडेशन द्वारा संचालित जनजातीय विद्यार्थियों के लिए सक्षम कार्यक्रम की जानकारी दी। इस दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री सावित्री ठाकुर भी मौजूद थीं। ब्लारक मैनेजर संध्या राजपुरोहित ने बताया कि यह कार्यक्रम नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत 21वीं सदी के जीवन कौशलों पर आधारित है और मध्य प्रदेश के 20 जिलों में जनजातीय कार्य विभाग के द्वारा संचालित हो रहा है। 'सक्षम' का उद्देश्य प्रदेश के समस्त माध्यमिक विद्यालयों, सीएम राइज स्कूलों, विशेष आवासीय विद्यालयों, कन्या शिक्षा परिसरों और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में अध्ययनरत किशोर-किशोरियों को खेल एवं रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से जीवन कौशल सिखाना है। इन कौशलों में नेतृत्व क्षमता,



आत्मविश्वास, संवाद कला, निर्णय लेने की क्षमता और टीम वर्क जैसी महत्वपूर्ण योग्यताएं शामिल हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को न केवल शैक्षणिक रूप से सशक्त बनाना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर, सजग और जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करना भी है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने %सक्षम% कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे जनजातीय विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की योजनाएं न केवल बच्चों के व्यक्तित्व विकास में सहायक हैं, बल्कि यह उन्हें जीवन की चुनौतियों के लिए तैयार भी करती हैं।

# परिंदों के लिए पानी- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिया संदेश

धार। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज मांडव में परिंदों के लिए मिट्टी के सकोरों में पानी भरकर एक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में हम सबकी यह ज़िम्मेवारी है कि परिंदों, गिलहरियों और ऐसे ही अन्य जीव-जन्तुओं के लिए अपने घरों और सार्वजनिक स्थानों पर पीने के पानी और दाना का प्रबंध ज़रूर करें। हमारी सनातन भारतीय संस्कृति हमें सिखाती हैं कि हमें समाज और प्रकृति में सभी की चिंता और कल्याण की भावना मन में रखनी चाहिए। और इसी भावना के अनुरूप सदैव ऐसे कार्य करने चाहिए।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने देखा माण्डू का पुरातात्विक वैभव

**धार। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को रात्रि विश्राम माण्डू में किया। आज गुरूवार की प्रातः उन्होंने रुचिपूर्वक माण्डू के ऐतिहासिक एवं पुरातात्विक वैभव को देखा। मुख्यमंत्री जी ने यहां जहाज महल, हिंडोला महल का भ्रमण किया। पुरातत्व विभाग के अधिकारियों द्वारा उन्हें इन ऐतिहासिक धरोहरों के बारे में जानकारी दी गई। मुख्यमंत्री जी ने गत रात्रि माण्डू में लाइट एंड साउंड शो के ज़रिए यहां के इतिहास को देखा। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्यमंत्री श्रीमती सावित्री ठाकुर, विधायक धरमपुरी श्री कालूसिंह ठाकुर तथा अन्य जनप्रतिनिधि, संभागायुक्त श्री दीपक सिंह, कलेक्टर श्री प्रियंक मिश्रा, पुलिस अधीक्षक श्री मनोज सिंह एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे।**



**मुख्यमंत्री ने देखा खुरासानी इमली का प्राचीन पेड़**–मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज माण्डू भ्रमण के दौरान यहां पीडब्ल्यूडी के खुरासानी कोठी परिसर में लगे खुरासानी इमली के प्राचीन पेड़ को देखा। कलेक्टर धार श्री प्रियंक मिश्र ने बताया कि माण्डू में खुरासानी के वृक्ष पाए जाते हैं, जिनमें से कुछ 500 वर्ष से भी अधिक पुराने हैं। खुरासानी कोठी परिसर के इस वृक्ष का तना 10.85 मीटर व्यास का है। खुरासानी इमली घना छायादार पेड़ होता है। यह पेड़ अपने भीतर सवा लाख लीटर पानी जमा करके रख सकता है। उल्लेखनीय है कि 14वीं शताब्दी में ये पेड़ लगाए गए थे। कई पेड़ यहां पांच-छ सौ साल पुराने हैं। पर्यटक माण्डू आने की स्मृति के तौर पर माण्डू की इमली खरीदकर ले जाते हैं। कई आदिवासी परिवारों को इसे बेचने से आय हो रही है। मूलतः यह वृक्ष अफ्रीका, अरब और मेडागास्कर पर पाया जाता है। ये पेड़ अति विशाल हैं, इसकी उम्र हज़ारों साल होती हैं। मराठीभाषी क्षेत्रों में इसे गोरखचिंच (चिंच याने इमली) कहकर सन्त गोरखनाथ से इसका पवित्र सम्बन्ध जोड़ा जाता है।

**धरमपुरी में किया नर्मदा पूजन**–मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जनप्रतिनिधियों के साथ धरमपुरी भी पहुंचे। मुख्यमंत्री ने धरमपुरी में नर्मदा दर्शन कर पूजन किया। धरमपुरी नर्मदा नदी के किनारे बसा हुआ नगर है।

# टांडा में महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव हर्षोल्लास से मना




टांडा(धार)- विश्व धरातल पर प्रेम, स्नेह, भाईचारा बढ़े इसके लिए भगवान महावीर के 5 सिद्धांत (सत्य, अहिंसा, अपरिग्रह, अस्तेय, ब्रह्मचर्य) की सख्त आवश्यकता है । लगभग 2550 वर्ष पूर्व जन जन के कल्याण की भावना रखते हुए जियो और जिने दो का नारा देने वाले भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांत आज भी उतने ही प्रासंगिक है। उक्त बात भगवान महावीर स्वामीजी के जन्म कल्याणक के अवसर पर टांडा जैन समाज के अध्यक्ष पारस कुमार जैन ने अपने स्वागत भाषण में कही। प्रातः 6 बजे नगर में प्रभात फेरी निकाली गई। प्रातः 7 बजे प्रभु पूजा, स्नात्र पूजन महोत्सव रखा गया। प्रातः 8 बजे से श्रीसंघ में चल रहे सामुहिक वर्षितप के 40 आराधको के पारणे श्रीसंघ तथा परिषद परिवार द्वारा रखे गए । ततपश्चात 9 बजे भगवान श्री महावीर स्वामीजी की शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गो से निकली। इस दौरान घर-घर से समाज जनों द्वारा प्रभु प्रतिमा के सम्मुख अक्षत से गवली कर बधामना किया गया । बस स्टेंड चौराहे पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सुभाष पाटीदार , रौनक अग्रवाल मित्र मंडल द्वारा पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शोभायात्रा जैन मंदिर आराधना भवन पर पहुंची जहा निर्मल श्रीश्रीमाल द्वारा सामुहिक प्रभु चेत्यवन्दन करवाया गया । मोहनलाल पगारिया ने प्रभु जन्म का सुंदर स्तवन गाया। स्वागत गीत हैप्पी बाफना तथा सुजाता चौहान ने गाया। धर्म सभा को वरिष्ठ पत्रकार तथा जैन संघ के पूर्व अध्यक्ष प्रकाशचंद्र जैन, श्रीमती शिखा तलेसरा ने भी संबोधित किया। जैन श्रीसंघ,भाजपा मंडल टांडा एवं ओटला बैठक के द्वारा स्वामी वात्सल्य के लाभार्थी समाज अध्यक्ष पारस जैन का साल श्रीफल से बहुमान किया गया। प्रभावना का लाभ राजेंद्र कुमार गेंदालाल श्रीश्रीमाल परिवार में लिया। भगवान महावीर की पंच कल्याणक पूजन अखिल भारतीय राजेंद्र जैन महिला परिषद तथा बहु परिषद द्वारा पढ़ाई गई । पूजन का लाभ राजेंद्र कुमार गेंदालाल श्रीश्रीमाल परिवार ने लिया। भगवान की आरती एवं मंगल दीप का लाभ श्रीमती चंद्रकांता बेन भूरा जबलपुर ने लिया । कार्यक्रम में यतींद्र जयंत ज्ञान पीठ परीक्षा में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को प्रशंशा पत्र तथा नगद राशि से पुरुस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन समाज के कोषाध्यक्ष पारस हरण ने किया व आभार निर्मल श्रीश्रीमाल ने माना ।

### आदिवासी बंधुओं ने तन मन धन से बनाया मंदिर, आज होगी मूर्ति स्थापना

# कलश यात्रा के साथ हुई वीर हनुमान गणेश मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत

डही। समीपस्थ ग्राम करजवानी में गुरुवार को कलश यात्रा के साथ श्री वीर हनुमान गणेश मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव की शुरुआत हुई। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में गांव की आदिवासी युवतियां, महिलाएं और पुरुष शामिल हुए। कलश यात्रा के पश्चात सभी श्रद्धालु पंडाल में बैठे। जिन्हें गायत्री परिवार के पदाधिकारियों द्वारा संबोधित किया गया।



यहां आयोजित कार्यक्रम में गायत्री परिवार के निषाद संत श्री डेमनिया बाबा की टोली के प्रखर वक्ता प्रताप भाई बर्डे एवं टीम द्वारा तीन दिवसीय सत्संग किया जा रहा है। 11 अप्रैल को देव पूजन, गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार, दीप महायज्ञ एवं संगीतमय प्रवचन के साथ ही श्री हनुमान जी की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। 12 अप्रैल को पूर्णाहूति एवं भंडारे का आयोजन होगा। ग्राम करजवानी के रहने वाले डही ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ विजय अहरवाल ने बताया कि श्री वीर हनुमान गणेश मंदिर समिति एवं समस्त भक्त मंडल ग्राम करजवानी के सहयोग से तीन दिवसीय मंदिर मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। मंदिर निर्माण में क्षेत्र के आदिवासी समाज ने बढ़-चढ़कर अपना श्रम और अन्य योगदान कर पुराने मंदिर का जिर्णोद्धार कर नया भव्य मंदिर बनाया है।

## आकृति मिश्रा के भजनों पर महापौर सहित झूमे श्रोता



**रतलाम।** नगर निगम द्वारा 8 से 12 अप्रैल तक आयोजित पांच दिवसीय बरबड़ हनुमान मेले में बीती रात राजस्थान की प्रसिद्ध भजन गायिका आकृति मिश्रा ने अपने सुमधुर कंठ से एक से बढ़कर एक भजनों की सुमधुर प्रस्तुति देकर महापौर प्रहलाद पटेल सहित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री गणेश वंदना से हुई इसके बाद राजस्थान की प्रसिद्ध भजन गायिका आकृति मिश्रा ने थारी जय हो पवन कुमार वारी जाउं बालाजी, काली कमली वाला मेरा यार है, कजरारे तेरे मोटे मोटे नयन, सुन सेठ मंडफिया वारा काली गाड़ी लानी है जैसे कई भजनों की प्रस्तुति देकर महापौर प्रहलाद पटेल सहित श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। ग्रुप के अन्य कलाकारों ने भी हनुमानजी, माताजी व शंकरजी के भजनों की प्रस्तुति दी। प्रांरभ में भजन गायिका आकृति मिश्रा व साथी कलाकारों का स्वागत महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष श्रीमती मनीषा शर्मा, सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास, सुनील सारस्वत, सोनू यादव, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती निशा सोमानी, महापौर परिषद सदस्य श्रीमती अनिता कटारा, विशाल शर्मा, अक्षय संघवी, मनोहरलाल राजू सोनी, श्रीमती सपना त्रिपाठी, सामान्य प्रशासन समिति सदस्य श्रीमती प्रीति कसेरा, श्रीमती मनीषा चौहान, राजस्व समिति सदस्य श्रीमती अनिता वसावा, पार्षद श्रीमती आयुषी सांकला, पूर्व महापौर परिषद सदस्य पवन सोमानी, पार्षद प्रतिनिधि गौरव त्रिपाठी, संजय कसेरा, राजेन्द्र चौहान, जलज सांकला, विजयसिंह चौहान, संजय कसेरा, जयेश वसावा के अलावा विवेक शर्मा आदि ने पुष्पमाला व पुष्प गुच्छ से किया।

## प्रभु श्री महावीर स्वामी भगवान का जन्मकल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया, भव्य चल समारोह निकला



**रतलाम।** 24 वें तीर्थंकर प्रभु श्री महावीर स्वामी भगवान का जन्मकल्याणक महोत्सव आज धुमधाम से मनाया गया। प्रतिवर्ष अनुसार समग्र जैन समाज द्वारा चौमुखीपुल स्थित श्री मोती पूज्य मंदिर से चल समारोह निकाला गया। बाजना बस स्टैंड स्थित जैन स्कूल पहुंचकर चल समारोह धर्म सभा में परिवर्तित हुआ। प्रभु श्री महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर समग्र जैन समाज की और से महावीर जैन युवा संघ के द्वारा चल समारोह निकाला गया। समारोह शहर के अनेक मार्गों से होते सागोद रोड स्थित जैन स्कूल में धर्मसभा के रूप में परिवर्तित हुआ। आचार्य श्री प्रसन्नचंद्र सागर जी की निश्रा में निकले चल समारोह में प्रदेश के कैबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप, पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी, झमक भरगट, ललित कोठारी, प्रीतेश गादिया सहित हजारों की संख्या में समाजजन शामिल हुए। चल समारोह में भगवान की मनमोहक झांकियां, बैंड-बाजे के साथ बड़ी संख्या में जैन समाजजन शामल हुए। चल समारोह श्री मोती पूज्य मंदिर से घांसबाजार, डालूमोदी बाजार, नाहरपुरा, धानमंडी, गणेश देवरी, तोपखाना, चांदनीचौक, लक्कड़पीठा होते हुए सागोद रोड स्थित जैन स्कूल पहुंचा। चल समारोह में इंद्र ध्वज, वैदिजी रथ, 5 धर्मध्वजा थामे समाजजन अश्व पर सवार हुए। रथ में महावीर स्वामी की मूर्ति को चांदी की पालकी और आकर्षक रथ में सवार की। भगवान की मनमोहक झांकियां, बैंड-बाजे आकर्षण का केंद्र रहे। समाजजन भगवान महावीर के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। जैन स्कूल में धर्म सभा के बाद समग्र जैन समाज के स्वामी वात्सल्य का आयोजन हुआ

## काचीगुडा - हिसार के मध्य स्पेशल ट्रेन का परिचालन

**रतलाम।** पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से विभिन्न गंतव्यों के लिए विशेष किराये पर ट्रेन संख्या 07717/07718 काचीगुडा-हिसार-काचीगुडा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। ये ट्रेन रतलाम मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर ठहराव के साथ दोनों दिशाओं में 11-11 फेरे चलेगी। ट्रेन संख्या 07717 काचीगुडा - हिसार स्पेशल ट्रेन काचीगुडा से 17 अप्रैल, 2025 से 26 जून, 2025 तक प्रत्येक गुरुवार को 16.00 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन रतलाम मंडल के रतलाम (21.55/22.05 बजे, शुक्रवार), मंदसौर (22.46/22.48 बजे), नीमच (23.29/23.31 बजे) एवं चित्तौड़गढ़(ड़गढ़(01.30/01.35, शनिवार) होते हुए हिसार स्टेशन पर शनिवार को 14.05 बजे पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी दिशा में ट्रेन संख्या 07718 हिसार - काचीगुडा स्पेशल ट्रेन हिसार से 20 अप्रैल, 2025 से 29 जून, 2025 तक प्रत्येक रविवार को 23.15 बजे प्रस्थान करेगी। यह ट्रेन रतलाम मंडल के चित्तौड़गढ़(12.00/12.02, सोमवार) नीमच(14.00/14.02 बजे), मंदसौर (14.40/14.42 बजे) एवं रतलाम (15.23/15.25 बजे) होते हुए काचीगुडा स्टेशन पर मंगलवार को 22.00 बजे पहुंचेगी। यह ट्रेन दोनों दिशाओं में मलकाजगिरि, मेडचल, कामारेड्डी, निजामाबाद, बसर, धर्माबाद, मुदखेड, नांदेड़, पूर्णा, बसमत, हिंगोली, वाशिम, अकोला, शेगांव, मलकापुर, भुसावल, जलगांव, नंदुरबार, उधना, वडोदरा, रतलाम, मंदसौर, नीमच, चित्तौड़गढ़, भीलवाड़ा, बीजयनगर, नसीराबाद, अजमेर, किशनगढ़, फुलेरा, रींगस, सीकर, नवलगढ़, झुंझुनू, चिड़ावा, लोहारू, और सादुलपुर स्टेशनों पर रुकेगी।

## महापौर की बहन व जीजा द्वारा किया जा रहा है पंच दिवसीय मारूति यज्ञ

**रतलाम।** हनुमान जयंती पर्व पर प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री हनुमानजी का बड़ा मंदिर बरबड़ पर पंच दिवसीय श्रीराम मारूति यज्ञ बाबूलाल पटेल की पुत्री व महापौर प्रहलाद पटेल की बहन श्रीमती संतोष चौधरी पति ललीत चौधरी द्वारा किया जा रहा है। यज्ञ प्रतिदिन प्रातः 9 बजे प्रारंभ किया जा रहा है तथा सांयकाल 5 बजे आरती की जा रही है। यज्ञ पुरे विधि विधान से पांच पंडितो द्वारा किया जा रहा है जिसमें पंडित गोपाल चतुर्वेदी जी है। यज्ञ आयोजक हनुमानजी का बड़ा मंदिर देवस्थान न्यास समिति है।

---

**सकल जैन श्रीसंघ का भगवान महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव**

# महावीर जेनियो ही नहीं, समस्त मानव समाज की धरोहर

## जैन स्कूल में स्वामी वात्सल्य के साथ हुआ समापन

रतलाम। श्री सकल जैन श्रीसंघ के तत्वावधान में भगवान महावीर का 2624 वां जन्म कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मना। सुबह चैमुखीपुल से भव्य जुलुस निकला फिर जैन स्कूल में हुई धर्मसभा में प्रभु महावीर का गुणानुवाद करते हुए वक्ताओं ने उन्हें जेनियो ही नहीं समस्त मानव समाज की धरोहर बताया। इस विराट आयोजन का समापन स्वामी वात्सल्य के साथ हुआ।

आचार्य प्रवर प्रसन्न चंद्रजी मसा, साध्वी कीर्तिप्रभा श्रीजी, स्मितदर्शाश्रीजी, सौरभ्रपभाजी सुयशप्रभाजी, प्रबलयशाजी, साध्वी डॉ कुमुदलता जी, पदमकीर्तीजी, राजकीर्तीजी मसा आदि की निश्रा में आयोजित जन्म कल्याणक महोत्सव का शुभारंभ मंगलाचरण से हुआ। इस दौरान श्री सकल जैन श्री संघ के मार्गदर्शक पूर्व मंत्री हिम्मत कोठारी एवं केबीनेट मंत्री चेतन्य काश्यप सहित समस्त समाज अध्यक्ष एवं अनोखीलाल कटारिया सहित सहयोगी मंचासीन रहे।







श्री सकल जैन श्रीसंघ के संचालक मण्डल सदस्य ललित कोठारी, राजेन्द्र खाबिया, प्रकाश मूणत, निर्मल लुनिया, जयंत बोहरा, महेन्द्र चाणोदिया, सुशील छाजेड़, अभय पोरवाल, ओम अग्रवाल एवं राजेश सुराना ने अतिथियों का स्वागत किया।

मार्गदर्शक हिम्मत कोठारी ने इस मौके पर कहा कि भगवान महावीर ने जीयो और जीने दो का जो संदेश दिया है, यदि उसका पालन हो, तो दुनिया की सारी समस्याओं का समाधान हो जाएगा। समस्त मानव समुदाय को भगवान महावीर से प्रेरणा लेकर उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। इससे महावीर जन्म कल्याणक मनाना सार्थक होगा। मार्गदर्शक चेतन्य काश्यप ने कहा कि भगवान महावीर के अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांत के दर्शन सदैव प्रांसगिक है। बुधवार को नवकार महामंत्री दिवस पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदीजी ने दुनिया के सामने जैन दर्शन को प्रस्तुत किया है, जो सबके लिए गौरव की बात है। कार्यक्रम का समापन मांगलिक से हुआ। संचालन प्रकाश मूणत किया और आभार महेन्द्र चाणोदिया ने माना।

इस दौरान सकल जैनश्री संघ में शामिल श्री देवसुर तपागच्छ चारथुई श्रीसंघ गुजराती उपाश्रय के विनोद मूणत, श्री साधुमार्गी जैन श्रीसंघ के कांतिलाल छाजेड, श्री धर्मदास जैन श्रीसंघ के रजनीकांत झामर, श्री आराधना भवन ट्रस्ट के अशोक लुनिया, श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ नीम चैक के अजय खिमेसरा, श्री तेरापंथ महासभा के विजय वोरा, श्री त्रिस्तुतिक जैन श्रीसंघ के सुशील छाजेड, श्री श्रीसंघ के मोहनलाल पिरोदिया, श्री पार्श्वनाथ जैन मित्र मंडल के प्रकाशचंद दरडा, श्री सज्जन मिल क्षेत्र श्रीसंघ के हंसराज चोपडा, श्री आदिनाथ कुन्दकुन्ड कहान दिगम्बर जैन पारमार्थिक समिति के राजकुमार अजमेरा, श्री दिगम्बर साठ घर गोठ के कमलेश पापरीवाल, श्री दिगम्बर स्टेशन श्रीसंघ के ओम अग्रवाल, श्री दिगम्बर हुम्मड समाज के जयंतीलाल पाणोत, श्री दिगम्बर जैन नरसिंहपुरा के राजेश कुमार खरतरगच्छ श्रीसंघ के अशोक चोपडा, श्री ज्ञानगच्छ श्रीसंघ के रितेश डोसी, श्री शांत कांत जैन भुजियावाला, एवं श्री सुधर्मा जैन सेवा संघ के श्रेणिक चाणोदिया आदि उपस्थित रहे।

### देव, धर्म, गुरु की असाधना, परमात्मा की असाधना

जन्म कल्याणक महोत्सव में आचार्य प्रवर प्रसन्न चंद्रजी मसा ने देव, धर्म और गुरु की असाधना नहीं करने का आव्हान किया। उन्होंने कहा कि देव, धर्म और गुरु की असाधना, परमात्मा की असाधना है। मनुष्य भव में अनंत पुण्य के बाद परमात्मा का शासन मिलता है। इसे व्यर्थ नहीं जाने देना चाहिए। महासती कुमुदलता जी ने कहा कि रतलाम में सकल जैन श्री संघ के प्रयासों से सबके द्वारा एक साथ जन्म कल्याणक मनाने को सौभाग्य बताया। प्रबलयशाजी ने कहा कि प्रभु महावीर के तीन सिद्धांतों अहिंसा, अपरिग्रह और अनेकांत से सारी समस्याओं का समाधान हो सकता है। इसके लिए महावीर को मंदिरो में नहीं, मन में बसाना आवश्यक है। अन्य साध्वीजी ने स्तवन प्रस्तुत कर अपने भाव व्यक्त किए।

---

# रतलाम जिला प्रॉपर्टी व्यवसायी संघ ने कैबिनेट मंत्री श्री चेतन्य काश्यप को किया धन्यवाद ज्ञापित

## 1956-57 के रिकॉर्ड से उपजी नामांतरण की समस्या के निराकरण का मामला

**रतलाम।**

वर्ष 1956-57 के रिकॉर्ड से नामांतरण में आ रही समस्या का समाधान होने पर रतलाम जिला प्रापर्टी व्यवसायी संघ ने सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री श्री चेतन्य काश्यप का स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की मंशा है कि किसी भी व्यवसायी को कोई समस्या नहीं आए और काम सुगमता से चले। रतलाम का भविष्य बहुत उज्जवल है। इसके विकास में सभी भागीदार बने।

संघ अध्यक्ष राकेश पीपाड़ा ने बताया कि पहले रतलाम में 1956-57 के रिकार्ड उपलब्ध नहीं होने से नामांतरण प्रकरणों में समस्या आ रही थी। इस संबंध में संघ के द्वारा मंत्री श्री काश्यप को अवगत कराया था। नामांतरण की इस समस्या के समाधान के लिए वह निरंतर प्रयासरत रहे हैं। उनके द्वारा इस विषय को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संज्ञान में लाया गया था और उससे पूर्व राजस्व मंत्री करणसिंह वर्मा से चर्चा की थी। इसके बाद राजस्व विभाग ने रतलाम कलेक्टर को आदेश जारी किए थे जिनमें उन्हें 1956-57 में शासकीय भूमि एवं वर्तमान में निजी मद के आधार पर नामांतरण प्रकरणों के संबंध में भू-राजस्व संहिता के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उक्त आदेश के बाद कलेक्टर अपने स्तर पर मध्यप्रदेश भू-राजस्व संहिता के प्रावधानों के तहत योग्य कार्यवाही करेंगे।





संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि इतने गंभीर मुद्दे पर इतनी जल्दी कोई काम कर दें, इस प्रकार की त्वरित पहल सम्मानीय है। यह कार्य हर किसी के बस में नहीं है। मंत्री श्री काश्यप ने कहा कि भाजपा देश में बहुत बड़े कार्य कर रही है। बरसों की समस्याओं का निराकरण मोदी सरकार कर रही है। रतलाम में विशेष निवेश क्षेत्र के समीप से एटलेन एक्सप्रेस-वे गुजर रहा है, जिसका सीधा लाभ रतलाम को मिलेगा। निवेश क्षेत्र जब पूरा होगा तो इसका लाभ प्रॉपर्टी व्यवसाय को होना है। इस अवसर पर संघ के अशोक भाणावत, राकेश कोचट्टा, बाकीर भाई, मो. जाहीद लाला, महेश त्रिपाठी, चंदू शिवानी, नंदू शर्मा, हेमंत कोठारी, मयूर गांधी, नदीम खान, विशाल अग्रवाल, क्षितिज कुमार सहित बड़ी संख्या में संघ के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## धूमधाम से मनाया वर्ष प्रतिपदा एवं रामनवमी उत्सव

**रतलाम।** संस्कार भारती मालवा प्रांत, रतलाम इकाई द्वारा चैत्र नवरात्रि,वर्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2082, रामनवमी उत्सव डॉ. मंगलेश्वरी जोशी(प्राचार्य शा. कन्या महाविद्यालय, रतलाम) की अध्यक्षता एवं प्रसिद्ध व्यवसायी आनंदकुमार त्रिलोकचंदानी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। अतिथियों का स्वागत संस्था संरक्षक सुरेंद्र सुरेका एवं सुहास चितले द्वारा किया। अतिथि परिचय चंद्रकांत वायगांवकर तथा संस्था परिचय श्री प्रशांत शौचे द्वारा दिया। संस्कृतिक कार्यक्रम की श्रृंखला में कोकिला दईया के निर्देश में सरस्वती वंदना, श्रीमति संगीत जैन के निर्देशन में राम स्तुति, डॉ सतीश गोथरवाल के निर्देशन में गणगौर लोकगीत तथा दिलीप टॉक एवं श्रीमति सुनीता छाजेड़ के निर्देशन में मातृ शक्ति द्वारा शस्त्र प्रदर्शन की प्रभावी प्रस्तुतियां दी गई। उज्जैन से पधारी अतिथि कलाकार कु. पाश्वी आचार्य एवं कु. गार्गी आचार्य द्वारा गणेश वंदना, राम स्तुति, भगवान शिव के अर्धनारिश्वर स्वरूप की प्रस्तुति दे कर दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन सतीश भावे एवं श्रीमति अनिमा शर्मा द्वारा तथा आभार संस्था सचिव मिलिंद करंदीकर द्वारा माना। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम गायन से हुआ। कार्यक्रम में शहर के संगीतप्रेमी, कलासाधक, एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।



## सीएमएचओ ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना का औचक निरीक्षण किया

**रतलाम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संध्या बेलसरे गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सैलाना पहुंची। यहां पहुंच कर उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाओं को निरीक्षण किया। उन्होंने प्रसूताओं को स्तनपान के तरीकों के बारे में विस्तार से बताया। निरीक्षण के दौरान आकस्मिक चिकित्सा कक्ष में डॉ. जीतेंद्र रायकवार एवं स्टाफ ड्यूटी करते हुए पाए गए। उनके द्वारा अस्पताल में इमरजेंसी में लाए गए मरीज का उपचार किया जाना पाया गया। निरीक्षण के दौरान श्री आशीष चौरसिया, डॉ. शैलेष डागे, नर्सिंग ऑफिसर एवं अधिकारी कर्मचारी आदि उपस्थित रहे। उन्होंने सीबीएमओ डॉ. पी.सी. कोली को तत्काल जिला मुख्यालय में ज्वाइन करने तथा डॉक्टर जितेंद्र जायसवाल को सैलाना बीएमओ का तत्काल प्रभार ग्रहण करने के लिए निर्देशित किया। केंद्र पर पहुंचकर उन्होंने प्रसव कक्ष का निरीक्षण किया तथा उपलब्ध उपकरणों के क्रियाशील होने का परीक्षण किया। नर्सिंग स्टाफ रूम में ड्यूटी रोस्टर का निरीक्षण कर लेबर रूम रजिस्टर में की गई प्रविष्टियां चेक की। उन्होंने अस्पताल में पोस्ट नेटल वार्ड में पहुंचकर प्रसूताओं से स्तनपान की जानकारी।

## होम्योपैथी के जनक डॉ. सैम्युअल हैनीमेन की जयंती का भव्य आयोजन

**रतलाम।**

डिस्ट्रिक्ट होम्योपैथिक मेडिकल कालेज, काटजू नगर, रतलाम (म.प्र.) में होम्योपैथी के जनक डॉ. सैम्युअल हैनीमेन की 270वीं जयंती कालेज परिसर में दिनांक 10/04/2025, गुरूवार को हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों नें डॉ. हैनीमेन साहब के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलित किया गया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. भरत पटेल ने अपने उद्बोधन में डॉ. हैनीमेन के बारे में विस्तार से छात्रों को बताया। इसके साथ ही भविष्य मे होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति की उपयोगिता के बारे में बताया। छात्रों द्वारा विश्व होम्योपैथी दिवस पर अपने - अपने विचार प्रस्तुत किए गए।



कार्यक्रम में संस्था के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. बलवीरसिंह, डॉ. एम.एम. शर्मा, डॉ. आनंद जैन, डॉ. मुकेश शर्मा, डॉ. वैभव भाटी, डॉ. राजेश मांगरोलिया, डॉ. नेहा जैन, डॉ. रिषभ जैन, डॉ. शमा अगवान, डॉ. हिना मसुरी, डॉ. प्रज्ञा पाण्डे, डॉ. दिव्या पोरवाल, डॉ. योगेन्द्र पाटीदार, डॉ. धर्मेन्द लबाना, एम.डी स्कालर डॉ. शुभम् भादेकर एवं महाविद्यालय के स्टाफ बाबुसिंह सिसौदिया, नवीन बागड़ी, नसरीन खान एवं मोना पोरवाल उपस्थित रहे।

इस अवसर पर बीएचएमएस की छात्रा कु. प्रियांशी सोनी, छात्र इरफान खान, अरूण पाटीदार ने अपने विचार व्यक्त किए। डॉ. प्रमोद सिंह बघेल ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के पश्चात उपस्थित महाविद्यालय के स्टाफ एवं विद्यार्थियों को स्वल्पाहार एवं मिष्ठान वितरित किया गया।

---

**भाजपा का सक्रिय कार्यकर्ता सम्मेलन**

# मोदी जी के नेतृत्व में ऐसे काम होते देखे, जिनकी कल्पना नहीं की जा सकती : मंत्री काश्यप

**रतलाम।**

भाजपा स्थापना दिवस पखवाड़े के तहत रतलाम शहर विधानसभा क्षेत्र के सक्रिय कार्यकर्ताओं का सम्मेलन जोधाबाग में हुआ। इसमें सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यम मंत्री चेतन्य काश्यप, भाजपा जिला प्रभारी प्रदीप पांडेय, जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने अलग-अलग विषयों पर कार्यकर्ताओं को मार्गदर्शन दिया। महापौर प्रहलाद पटेल, निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा विधानसभा संयोजक मनोहर पोरवाल मंचासीन रहे।

मंत्री श्री काश्यप ने प्रधानमंत्री के रूप में प्रधानमंत्री मोदी के साथ 11 वर्षो में विकसित भारत की यात्रा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि देश ने प्रधानमंत्री मोदीजी के नेतृत्व में ऐसे काम होते देखे है, जिनकी कल्पना नहीं की जा सकती थी। आर्थिक विकास के साथ संस्कारों का विकास भी जरूरी है और मोदीजी ने सबकुछ कर दिखाया है। मोदीजी की विभिन्न जनकल्याण की योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए श्री काश्यप ने कहा 11 सालों में जो बड़े परिवर्तन हुए, उनमे स्वच्छता अभियान प्रमुख है, जिससे गांधीजी के छुआछुत समाप्त करने का मिशन का जागरण भी हुआ है। मध्य प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने डबल इंजन सरकार के रूप में नदी जोड़ो योजना पर बड़ा काम किया है। मोदी जी ने विकसित भारत 2047 का जो नारा दिया, उस पर तेजी से काम हो रहा है। श्री काश्यप ने राम मंदिर निर्माण से पूर्व हुए कार्यो पर प्रकाश डाला और विभिन्न योजनाओं से विकसित भारत का स्वप्न पूरा होने की रूपरेखा बताई। उन्होंने अपने विभाग में हुए कार्यो पर प्रकाश डालते हुए सक्रिय सदस्यों से सारी जानकारी रखने का आह्वान किया।





जिला प्रभारी श्री पांडेय ने भारतीय राजनीति में भाजपा द्वारा लाए गए परिवर्तन पर कहा कि मोदीजी की मन की बात में सामाजिक परिवर्तन का ताना बना बुना जाता है। इससे पार्टी के सर्वस्पर्शी भाव भी प्रकट होते है। देश में 250 से अधिक गरीब कल्याण की योजनाए बनी है और भाजपा सबका साथ-सबका विकास का ध्येय लेकर चल रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र को सर्वोपरि मानने वाला कोई दल है, तो वह केवल भाजपा है। उसने सारे नफे-नुकसान छोड़कर एक देश, एक चुनाव का प्रस्ताव दिया है, तो देश हित में है। इसके अलावा महिला सशक्तिकरण, सामाजिक और सांस्कृतिक जागरण के कई काम किए है, जिससे भाजपा आज विश्व की एक नंबर पार्टी बन गई है।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने सर्वप्रथम भाजपा की चुनावी सफलता एवं संगठनात्मक विस्तार पर प्रकाश डालते हुए पार्टी का इतिहास बताया। उन्होंने कहा कि हाल ही में भाजपा का 46 वा स्थापना दिवस मना है। सबके लिए इस पार्टी का सदस्य होना गौरव की बात है, क्योंकि 21 अक्टूबर 1951 को जिस विचार को लेकर जनसंघ की स्थापना हुई थी, उसने 1977 में जनता पार्टी में विलय और 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना के बाद विराट रूप ले लिया है। प्रदेश में आज 65014 बूथ है और हर बूथ पर भाजपा की टोली काम कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि कार्यकर्ताओं के दम पर भाजपा जिले की 5 सीट जीतेगी। सम्मेलन को महापौर श्री पटेल ने भी संबोधित किया। आरंभ में अतिथियों ने भारत माता एवं भाजपा के पितृ पुरुषों के चित्र माल्यार्पण किया। अतिथियों का स्वागत मंडल अध्यक्ष मयूर पुरोहित, निलेश गांधी, आदित्य डागा, कृष्ण कुमार सोनी एवं विनोद यादव ने किया। संचालन मनोहर पोरवाल ने किया। आभार विनोद यादव ने



## ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर व हॉकी इंदौर एसोसिएशन का 38 वा जिला स्तरीय हॉकी प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ

इंदौर। हॉकी इंदौर एसोसिएशन व ताहिर हॉकी ट्रेनिंग सेंटर द्वाराचिमनबाग हॉकी मैदान पर आयोजित *38 वा जिला स्तरीय हॉकी प्रशिक्षण शिविर का आज शुभारंभ मध्यप्रदेश ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष श्री ओम सोनी जी ने किया, कार्यक्रम की अध्यक्षता हॉकी इंदौर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष व हॉकी खिलाड़ी डा ए के दास ने की, विशेष अतिथि हॉकी इंदौर एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष नजमुद्दीन खुर्शीद व के.के गोस्वामी थे* शिविर में जिला के कोई स्कूलों के खिलाड़ी भाग लेंगे शिविर तीन चरणों में होगा प्रथम चरण में खिलाड़ियों को एन आई एस कोच द्वारा हॉकी खेल के बारीकी सिखाई जाएगी शिविर सुबह व शाम को आयोजित होगा। शिविर में 120 से अधिक खिलाड़ी भाग ले रहे हैं इस अवसर पर शिविर में भाग ले रहे खिलाड़ियों को खेल सामग्री भी वितरित की गई। इस अवसर पर गुलाम साबिर, अतुल खुणे, अयुब खान, नितीश गौड, अभिषेक यादव, अदिति कसेरा, राजपाल सिंह लक्की,नवेद अंसारी,अजय गहलोत आदि खिलाड़ी उपस्थित थे कार्यक्रम का संचालन हॉकी इंदौर एसोसिएशन के सचिव किशोर शुक्ला ने किया व अंत में हॉकी इंदौर एसोसिएशन के सहसचिव मो याकुब अंसारी ने आभार व्यक्त किया।

## प्रकाश क्लब का निशुल्क हॉकी प्रशिक्षण शिविर 14 अप्रैल से

**इंदौर।** प्रदेश में राष्ट्रीय खेल हॉकी का प्रशिक्षण देने वाली सबसे पुरानी संस्था प्रकाश हॉकी क्लब का 85वां ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर 14 अप्रैल से प्रारंभ होगा। इस दौरान खिलाड़ियों को परंपरागत शैली की हॉकी के साथ ही आधुनिक तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। क्लब सचिव देवकीनंदन सिलावट ने बताया कि क्लब द्वारा राष्ट्रीय खेल को प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। साथ ही खेल सामग्री और पौष्टिक आहार की व्यवस्था भी क्लब द्वारा ही की जाती है। दो माह का शिविर तीन चरणों में आयोजित होगा। दो सत्रों में संचालित होने वाले शिविर में एनआइएस कोच अशोक यादव के मार्गदर्शन में कुल चार एनआइएस प्रशिक्षक खिलाड़ियों को हॉकी के गुर सिखाएंगे। इनके अलावा समय-समय पर चिकित्सकों का शिविर भी आयोजित होगा, जिसमें डा. अनिष्काराजे सिलावट सहित अन्य बेहतर पोषण आहार सहित अन्य बातों की जानकारी देंगे।

## सौरव गांगुली के एआई डिजिटल अवतार का अनावरण किया



कोलकाता एआई- संचालित डिजिटल अनुभवों के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाली आइकॉन्ज ने गुरुवार 10 अप्रैल को कोलकाता के आईटीसी रॉयल बंगाल में आयोजित होलोग्राफिक एक्सटेंडेड रियलिटी (एचएक्सआर) डिवाइस पर धमाकेदार तरीके से पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सौरव गांगुली के एआई डिजिटल अवतार को लॉन्च किया। आइकॉन्ज ने पूर्व दिग्गज क्रिकेटर सौरभ के डिजिटल आईपी राइट्स हासिल किए है, जिससे डिजिटल अवतार बनाना संभव हो पाया है। जिससे क्रिकेट के सबसे प्रसिद्ध व्यक्तित्वों के करिश्मे, ऊर्जा और अद्वितीय उपस्थिति को प्रामाणिक रूप से दर्शाया जा सके।सौरव गांगुली का यह एआई डिजिटल अवतार, जिसे विशेष रूप से आइकॉनज द्वारा बनाया और प्रस्तुत किया गया है, जिसमें व्यक्तिगत ब्रांड और विज्ञापन, बैंकिंग अनुभव, खुदरा अनुभव, इंटरैक्टिव पॉडकास्ट, होलोग्राम अनुभव, वॉयस अनुभव, इंटरैक्टिव जुड़ाव, मेटावर्स सक्रियण, खेल कोचिंग और प्रशिक्षण मॉड्यूल, शैक्षिक और वृत्तचित्र निर्माण आदि इसमें प्रमुख तौर पर शामिल है।



**(फोटो-ईएमएस) अगस्ता में मास्टर्स गोल्फ क्लब में अमेरिका के जॉर्डन स्पीथ शॉट खेलते हुए।**

# दिल्ली कैपिटल्स ने लगातार चौथा IPL मैच जीता

## बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया, राहुल ने 93 रन बनाए ; कुलदीप-विपराज को 2-2 विकेट

**बैगलुरू (एजेंसी)। दिल्ली कैपिटल्स ने IPL में लगातार चौथी जीत दर्ज कर ली है। टीम ने गुरुवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 6 विकेट से हराया। दिल्ली से केएल राहुल ने मैच विनिंग 93 रन बनाए। कुलदीप यादव और विपराज निगम ने 2-2 विकेट लिए।**

चिन्नास्वामी स्टेडियम में दिल्ली ने बॉलिंग चुनी। बेंगलुरु ने 7 विकेट खोकर 163 रन बनाए। दिल्ली ने 17.5 ओवर में 4 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। बेंगलुरु से भुवनेश्वर कुमार ने 2 विकेट लिए। टिम डेविड और फिल सॉल्ट ने 37-37 रन बनाए। केएल राहुल ने 18वें ओवर की पांचवीं बॉल पर छक्का लगाकर टीम को जीत दिलाई। उन्होंने 93 रन की पारी खेली। केएल राहुल ने पारी के 15वें ओवर में हेजलवुड के खिलाफ 22 रन बटोरे। उन्होंने इस ओवर में 3 चौके और 1 छक्का लगाया। केएल राहुल ने 14वें ओवर में यश दयाल के खिलाफ सिंगल लिया। इसी के साथ उन्होंने 37 गेंद पर अपनी फिफ्टी भी पूरी कर ली। राहुल को पावरप्ले में ही बैटिंग करने उतरना पड़ा था। दिल्ली ने 9वें ओवर में चौथा विकेट गंवा दिया। सुयश शर्मा ने ओवर की चौथी बॉल पर अक्षर पटेल को कैच कराया। अक्षर ने 11 बॉल पर 15 रन बनाए। शुरुआती 6 ओवर में दिल्ली कैपिटल्स ने 3 विकेट गंवा दिए।



टीम 39 रन ही बना सकी। फाफ डु प्लेसिस, जैक फ्रेजर मैगर्क और अभिषेक पोरेल इस दौरान पवेलियन लौटे। पांचवें ओवर में भुवनेश्वर कुमार को दूसरा विकेट मिला। उन्होंने अभिषेक पोरेल को शॉर्ट पिच बॉल पर विकेट के पीछे जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। पोरेल 7 ही रन बना सके। दिल्ली ने 2 गेंद में 2 विकेट गंवा दिए। दूसरे ओवर की आखिरी बॉल पर यश दयाल ने फाफ डु प्लेसिस को कैच कराया। तीसरे ओवर की पहली बॉल पर भुवनेश्वर कुमार ने जैक फ्रेजर मैगर्क को कैच करा दिया। मैगर्क ने 7 और फाफ ने 2 रन बनाए। दिल्ली से फाफ डु प्लेसिस और जैक फ्रेजर मैगर्क ओपनिंग करने उतरे। बेंगलुरु से भुवनेश्वर कुमार ने पहला ओवर फेंका। ओवर से 1 रन बना।

## ऋतुराज आईपीएल से बाहर हुए , धोनी बचे हुए सत्र में कप्तानी करेंगे



**मुम्बई (ईएमएस)। चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ कोहनी में फ्रैक्चर होने के कारण आईपीएल के बचे हुए सत्र से बाहर हो गये है1 ऐसे में टीम की कप्तानी एक बार फिर महेन्द्र सिंह धोनी को दी गयी है। अब धोनी आईपीएल के शेष सत्र में टीम की कप्तानी संभालेंगे। सीएसके के मुख्य कोच स्टीफन फ्लेमिंग ने कहा है कि हमारे पास टीम में कुछ विकल्प हैं पर हमने अभी तक किसी पर अंतिम निर्णय नहीं लिया है। वहीं धोनी कप्तानी संभालने के लिए तैयार थे। इसलिए हमने अनुभवी होने के कारण उन्हें ये जिम्मेदारी सौंपी है। धोनी की कप्तानी में ही टीम ने पांच बार खिताब जीता था।**

फ्लेमिंग ने कहा कि ऋतुराज को गुवाहाटी में चोट लगी थी पर वह दर्द के साथ खेल रहे थे। हमने एक्स-रे करवाया, लेकिन उससे कुछ साफ नहीं हुआ फिर हमने एमआरआई करवाया, जिससे पता चला कि उनकी कोहनी में फैक्चर है। इससे हमें निराशा हुई पर उनका फिट होना सबसे जरुरी है। इसलिए उन्हें उबरने के लिए पूरा समया दिया जाएगा। दुर्भाग्यवश, अब वह टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं पर हमारे पास एक धोनी हैं, जो आईपीएल के बाकी मैचों में कप्तानी करेंगे। गायकवाड़ को 30 मार्च को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में चोट लगी थी। तुषार देशपांडे की एक गेंद उनके दाएं हाथ पर लगी थी। उनका 5 अप्रैल को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेलने को संशय बना हुआ था पर फिर भी उन्होंने खेला। उन्होंने मंगलवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ भी मैच खेला। उनका बाहर होना टीम के लिए झटका है क्योंकिक इससे टीम की बल्लेबाज कमहोर होगी। वहीं धोनी दो साल बार फिर कप्तानी करते दिखेंगे। ने आखिरी बार 2023 में चेन्नई की कप्तानी की थी और अपनी टीम को रिकॉर्ड बराबरी वाले पांचवें आईपीएल खिताब तक पहुंचाया था। तब फाइनल में धोनी की अगुवाई वाली सीएसके ने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हार्दिक पंड्या की गुजरात टाइटंस को हराया था।



**(फोटो-ईएमएस) पेरिस में चैम्पियंस लीग फुटबॉल में भाग लेते हुए पेरिस सेंट जर्मेन और एस्टन विला के खिलाड़ी।**



**(फोटो-ईएमएस) स्लोवेनिया में ईएचएफ चैम्पियंस लीग फुटबॉल में गोल करती हुई स्लोवेनिया की अना अभीना।**

## पार्थिव ने अपनी टीम के गेंदबाजों की प्रशंसा की

अहमदाबाद (ईएमएस)। पूर्व क्रिकेटर और गुजरात टाइटंस के सहायक कोच पार्थिव पटेल ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में जीत पर अपनी टीम के गेंदबाजों की सराहना की है। पार्थिव ने कहा कहा है कि उनकी टीम के गेंदबाजों ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मैच में अपनी रणनीति पर अच्छी प्रकार से अमल किया जिसका लाभ उसे मिला है। इस मैच में गुजरात ने साई सुदर्शन के 82 रनों की सहायता से अच्छा स्कोर बनाया। इसके बाद सभी गेंदबाजों ने जबदस्त गेंदबाजी करते हुए अपनी टीम को 58 रनों से जीत दिला दी। उसके तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने 24 रन देकर तीन विकेट लिए जबकि राशिद खान और साई किशोर ने दो-दो विकेट लेकर राजस्थान को 159 रनों पर ही समेट दिया। पार्थिव ने कहा, 'जब आप इस तरह के विकेट पर 50 रन से अधिक के अंतर से जीत हासिल करते हैं तो इसका मतलब होता है कि आपके गेंदबाजों ने अपना काम ठीक से किया। साथ ही कहा कि मोहम्मद सिराज ने काफी सधी गेंदबाजी की। वहीं कृष्णा शुरूआत से ही अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। साई किशोर शायद अभी तक टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ स्पिनर है। हमारे सभी गेंदबाजों ने कठिन हालातों में अपने को साबित किया है। पार्थिव ने कहा, 'यह देखकर अच्छा लग रहा है कि हर मैच में कोई न कोई गेंदबाज आगे बढ़कर नेतृत्व कर रहा है। ये सही है कि बल्लेबाजों ने बड़ा स्कोर बनाया पर असल में किसी टीम को गेंदबाज ही मैच जिताते हैं। हमारी टीम में किसी को कोई विशेष भूमिका नहीं सौंपी गई है।

## महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर : घायल होने के बाद भी मैथ्यूज ने शतक लगाया पर टीम को जीत नहीं दिला पायीं

**लाहौर (ईएमएस)। वेस्टइंडीज की कप्तान हेले मैथ्यूज ने घायल होने के बाद भी स्कॉटलैंड के खिलाफ यहां हुए महिला क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर में शतक लगाया हालांकि इसके बाद भी वह अपनी टीम को जीत नहीं दिला पायीं। ये टूर्नामेंट पाकिस्तान के लाहौर सिटी क्रिकेट एसोसिएशन मैदान पर हुआ।**

यह टूर्नामेंट का दूसरा मैच था, जो भारत में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के लिए अंतिम दो स्थानों को तय करने के लिए आयोजित किया गया। रोमांचक मुकाबले के दौरान मैथ्यूज घायल होने के बाद भी बल्लेबाजी करने पहुंची। उन्होंने शतक भी लगाया लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला पाई। सभी इस मैच के परिणाम से हैरान हो गये क्योंकि स्कॉटलैंड एकदिवसीय में 12 वीं रैंकिंग वाली टीम है वहीं वेस्टइंडीज छठी एकदिवसीय रैंकिंग वाली टीम है।

इस मैच में स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी हुए 50 ओवरों में कुल 244 रन बनाए। सारा ब्रायस ने 55 रन बनाए और मेगन मैककॉल ने 45 रन बनाए। इससे पहले पारी की शुरुआत करते हुए ड्रमंड ने 32 गेंदों पर 21 जबकि काटर ने 48 गेंदों पर 25 रन बनाए थे। अंत के ओवरों में कैथरीन फ्रेजर ने 27 गेंदों पर 25 और चटर्जी ने 10 गेंदों पर 15 रन बनाकर स्कोर 244 तक पहुंचाया। वेस्टइंडीज की ओर से हेली मैथ्यूज ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 56 रन देकर 4 विकेट लिए।

इसके बाद जीत के लिए मिले 245 रनों का पीछा करते हुए, कप्तान हेली मैथ्यूज के शानदार प्रयास के बाद भी वेस्टइंडीज़ की टीम विफल रही। हेले जांघ में खिंचाव के कारण रिटायर्ड हर्ट हुई और उन्हें स्ट्रैचर पर मैदान से बाहर ले जाना पड़ा था। उस समय वह 95 रन खेल रहीं थी। विंडीज की जैडा जेम्स ने 89 गेंदों पर 45 रन बनाए जबकि चिनेल हेनरी ने 12 तो शबिका गजनबी ने 2 रन बनाए। मैथ्यूज के रिटायर्ड हर्ट होने के बाद बल्लेबाजी क्रम ध्वसत हो गया। चेरी-एन फ्रेजर शून्य पर आउट हो गईं। वेस्टइंडीज अंततः कमज़ोर पड़ गई और स्कॉटलैंड की जीत तय नजर आने लगी। ऐसे में मैथ्यूज एक बार फिर से मैदान पर उतरी। उन्होंने शतक पूरा किया और 113 गेंदों पर 114 रन बनाए पर वह अपनी टीम हो हार से नहीं बचा पायीं।



**(फोटो-ईएमएस) चीन में हनान साइक्लिंग रेस में भाग लेते हुए प्रतियोगी।**

## तीरंदाजी कोच तेजा बोले, अमेरिका का वीजा नहीं मिलने से टीम विश्व कप पदक नहीं जीत पायी

**कोलकाता (ई)।** भारतीय तीरंदाज टीम के कोच जीवनजोत सिंह तेजा ने इसपर निराश जतायी है कि अमेरिका का वीजा नहीं मिलने से टीम के हाथ से विश्वकप पदक निकल गया है। तेजा के अनुसार भारतीय टीम को विश्वकप के पहले चरण में महिला कंपाउंड तीरंदाजी में भाग लेना था। दुनिया की नंबर एक भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने साल 2024 में तीनों स्वर्ण पदक जीते थे। टीम की सदस्य अदिति स्वामी, मधुरा धामनगांवकर और तनिपर्थी चिकिथा को समय पर अमेरिकी वीजा नहीं मिला जिसके कारण वे फ्लोरिडा के ऑरबर्नडेल में प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा नहीं कर सकीं। तेजा भी अमेरिका नहीं जा सके। उन्होंने कहा, 'निश्चित रूप से यह पदक हाथ से निकलने जैसा था। हमारी महिला टीम स्पर्धा जीतने की सबसे बड़ी दावेदार थी।

# अद्विका व मृदुल जोशी को खिताब



इंदौर। । इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में आयोजित प्रथम जिला रैकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा में बालिका अंडर-15 आयु वर्ग में अद्विका अग्रवाल व बालक वर्ग में मृदुल जोषी ने उम्दा खेल का प्रदर्षन करते हुये खिताब जीते। अभय प्रषाल में खेली जा रही स्पर्धा में बालिका अंडर-15 आयु वर्ग के अंतिम मुकाबले में अद्विका अग्रवाल ने आराध्या राजपूत को 11-7, 11-8, 11-6 से पराजित कर खिताब जीता। सेमीफाईनल में अद्विका अग्रवाल ने शांम्भवी साहू को 3-0 से व आराध्या राजपूत ने हिया पटेल को 3-2 से हराया। बालक अंडर-15 आयु वर्ग के फाईनल मुकाबले में मृदुल जोषी ने अथर्व सिंह को 11-6, 8-11, 11-5, 11-7 से पराजित कर खिताब अर्जित किया। सेमीफाईनल में मृदुल जोषी ने रक्षत चावड़ा को 3-0 से व अथर्व सिंह ने मृदुल पुरोहित को 3-1 से पराजित किया। बालिका अंडर-17 आयु वर्ग के प्री क्वार्टर फाईनल मुकाबलों में अद्विका अग्रवाल ने वैष्णवी कटारिया को 3-0 से, श्रावणी पटवर्धन ने नेहल नाहर को 3-1 से, आराध्या राजपूत ने सान्वी सिंघल को 3-0 से, रीत इंगले ने अनिका महेष्वरी को 3-0 से, शांम्भवी साहू ने ओझल धनेरा को 3-0 से, हिया पटेल ने आरवी जैन को 3-0 से, अनाया त्रिवेदी ने सिद्धी भदोरिया को 3-0 से, आर्ना उपाध्याय ने आकांक्षा ठाकुर को 3-0 से पराजित कर क्वार्टर फाईनल में प्रवेष किया। बालक अंडर-17 आयु वर्ग के मृदुल जोषी ने मीत मिमरोट को 3-0 से, मृदुल पुरोहित ने आर्जव बाकलीवाल को 3-0 से, लक्ष्य भदोरिया ने विराट वानखेड़े को 3-1 से, वंष चौहान ने दक्ष महेष्वरी को 3-0 से, अबु बकर ने रक्षत चावड़ा को 3-1 से, प्रज्जवल यादव ने सार्थक खरे को 3-0 से, लक्ष्य ओझा ने धैर्य जैन को 3-0 से पराजित कर हराकर क्वार्टर फाईनल में प्रवेष कर लिया। बालिका अंडर-19 आयु वर्ग में भाग्यश्री दवे, अक्षिता मित्तल, हिया पटेल, रीत इंगले, आराध्या राजपूत, आर्ना, उपाध्याय, सौम्या जैन, अद्विका अग्रवाल अपने-अपने मुकाबले जीतकर अगले दौर में पहुँची।

## इंदौर जिला जुनियर कुश्ती टीम का चयन हुआ 11 अप्रैल से जुनियर राज्य कुश्ती स्पर्धा 2 दिवसीय शुभारंभ ओलंपियन पप्पु यादव करेंगे

इंदौर। मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के विक्रम अवॉर्डी ओमप्रकाश खत्री ने बताया कि इंदौर जिला कुश्ती जूनियर टीम का चयन सम्पन्न हुआ विजेता इंदौर के नेहरू स्टेडियम में होने जा रही 2 दिवसीय 11 एवं 12 अप्रैल को राज्य कुश्ती स्पर्धा में भाग लेगे स्पर्धा में मध्यप्रदेश के सभी जिलों से 200 से अधिक महिला और पुरुष भाग लेगे । भाग लेने वाले सभी प्रमुख मध्यप्रदेश कुश्ती संघ के सचिव से संपर्क करे राज्य कुश्ती का शुभारंभ ओलंपियन पप्पु यादव करेंगे।

**अंडर-20 जूनियर इंदौर जिला सूची फ्री स्टाइल पुरुष**- 57 किलोग्राम - हरीश सिसोदिया, 61 किग्रा - यश यादव, 65 किलोग्राम - हर्षवर्धन भोयर, 70 किग्रा - नीरज यादव , 74 किलोग्राम - रोहित यादव,79 किलोग्राम - युवराज पाल,86 किलोग्राम - जतिन पाठक , 92 किलोग्राम - युवराज डोगरे, 97 किलोग्राम - कुणाल कश्यप, 125 किलोग्राम - राज संचान , ग्रीको-रोमन 55 किलोग्राम - मोहित प्रजापति, 60 किलोग्राम - गोपाल यादव, 63 किलोग्राम - बोबी मालवीय, 67 किलोग्राम - कुलदीप कुशवाह, 72 किलोग्राम - महेश राठौर, 77 किलोग्राम - औरंगजेब खान,82 किलोग्राम - युवराज पाल ,87 किलोग्राम - आर्यन चौहान ,97 किलोग्राम - दर्शन डांगी,130 किलोग्राम - मोह.रजा खान **फ्री स्टाइल महिलाएं**-50 किलोग्राम - लक्ष्मी जरिया, 53 किलोग्राम - अनुष्का सोलंकी, 55 किलोग्राम - हंसाबेन राठौर, 57 किलोग्राम- सानिया राठौर, 59 किलोग्राम - लविना जामले, 62 किलोग्राम - रेनी भाटिया, 65 किलोग्राम - जानवी राठौर, 68 किलोग्राम।



बच्चू लाल परमानंद दीक्षित
मिलन हाइट्स इंदौर



# खुशी ग़म का खेला

झूठ में खुशी ढूंढ़ने का अजीबोगरीब खेल चल रहा है। कर्मचारियों की बल्ले बल्ले कह कर कैसा मजाकिया झूठ परोसा जा रहा है कि बेरोजगार व नेताओं की आंखें तन रही हैं। केन्द्र सरकार की ऊंट के मुंह में जीरा समान भत्ता की घोषणा कर्मचारियों का घोर अपमान नहीं तो और क्या? यह कृत्य खुशी कम ग़म ज्यादा से बढ़कर कुछ नहीं।

आप तो राज्य सरकार के कर्मचारी हैं। आपको खुश होना चाहिए कि केंद्र ने मंहगाई भत्ता वृद्धि की है तो राज्य में भी होना निश्चित है। आपके यहां डबल इंजन की सरकार है जो कर्मचारी वर्ग की हितैषी है।

यहां जब मंहगाई भत्ता वृद्धि होती है तो नियमित कर्मचारी और पेंशनरों के बीच बहुत बड़ा अंतर रखा जाता है। पेंशनरों की महीनों की किश्त हड़प कर जाते हैं जैसे वे वोटर न होकर खैराती हों। दूसरी ओर विधायक सांसदों के वेतन भत्तों में बेतहाशा वृद्धि की गई, ऊपर से अनुदान राशि अलग। सरकार का यह खुशी ग़म का खेला आक्रोश पैदा करने के लिए पर्याप्त है। सरकार यह भूल जाती है कि पेंशन अधिकार है अनुदान नहीं।

कर्मचारी हो या अफसर उन्हें तो एक बार परीक्षा देने के बाद तीस पैंतीस साल के लिए फुर्सत। जबकि राजनेताओं को हर पांच साल में परीक्षा से गुजरना पड़ता है जिसमें सफल हुए तो ठीक वरना घर की खाक छानें।

वाह मंगू! तुम भी एक राज्य के मुखिया का भाषण दोहरा रहे हो शायद वहीं से सीधे सुनकर आ रहे हो। पक्के तोता रटंत जन सेवक हो जो नीम को नीम नहीं बबूल ही कहेंगे उनके आकाओं के कहे अनुसार।

अच्छा रामसिंह पटेल उर्फ रामू! तुम ही बताओ अफ़सर कैसे बने? तुम्हारी लगभग बीस बरस की नौकरी हो गई, क्या इस बीच कोई परीक्षा देना पड़ी? नहीं। जबकि तुम्हारे साथ का ही शेरू को इन बरसों में तीन बार चुनाव रूपी परीक्षा देना पड़ी जिसमें तीसरी बार धराशाई होकर अपनी चौपाल पर अपनों को ही गरियाता रहता है। तुम दोनों में कौन सुरक्षित और सुखी संतोषी? निःसंदेह तुम। बेचारा वो तो खुशी ग़म के खेला में पगला ही हो गया।

मंगू! यह तुम्हारी भूल ही नहीं बल्कि अफसर को राजनेताओं के गुलाम समझने में हामी है। पता है इन अंगूठा छाप जन प्रतिनिधियों की कितना सुनना पड़ती है जिनका पूरे पांच साल जनता के पैसे की लूट खसोट ही एक मात्र लक्ष्य है। तभी तो रातोंरात करोड़ों के मालिक बन जाते हैं जिसकी कोई जांच पड़ताल नहीं। हमें तो ग़म में खुशी ढूंढ़ना पड़ती है कारण उनका खुशी ग़म का खेला ऐसा भंवरजाल है जिसमें से अफसर या कर्मचारी का निकलना ही मुश्किल है।

ये तो कूटनीतिक दांव-पेंच हैं। सरकार चलाने के लिए नई नई योजना खोजना पड़ती हैं। खुशी ग़म का खेला भी इसी का अंग हैं। डांटना, फटकारना फिर पुचकारने का तमाशा ही खुशी ग़म का खेला है जो किसी भी शासक व शासन के लिए अपरिहार्य है।

खुशी और ग़म पैसे के इर्द-गिर्द घूमते हैं? एक ही सिक्के के दो पहलू। चतुर चालाक होता है राजनेता जिसका सिक्का हमेशा चित् ही पड़ता है।बचा दूसरा पलट भाग ग़म का वह कर्मचारी का। चतुर अफसर ग़म में खुशी ढूंढ़ लेते हैं। इस प्रकार खुशी ग़म के खेला को रंग मंच पर उतार कर मियां की जूती मियां के सिर ही पटक कर खुशी ग़म को दोनों हाथों के लड्डू मानकर आनंद लेते हैं।



# पुलिस की तरह जांच एजेंसी को भी पीएचक्यू को बताना होगा गिरफ्तारी



**लोकायुक्त-ईओडब्ल्यू सहित जांच एजेंसियों पर लागू होगा नया नियम**

इंदौर। मध्यप्रदेश में पुलिस की तरह अब जांच एजेंसियों को भी पुलिस मुख्यालय को किसे गिरफ्तार किया गया यह बताना पड़ेगा। पुलिस थाने की तरह जांच एजेंसी भी किसे गिरफ्तार किया गया यह पुलिस मुख्यालय में बताएंगे।

इस आशय का आदेश मध्यप्रदेश के राजपत्र में प्रकाशन हो गया है। नए नियम के तहत मध्य प्रदेश में पुलिस थानों की तरह जांच एजेंसियों को भी गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की जानकारी देनी होगी। पुलिस थाने की तरह जांच एजेंसी भी मुख्यालय में बताएंगे कि किसे गिरफ्तार किया है।

लोकायुक्त ईओडब्ल्यू सहित कई जांच एजेंसियों पर यह नया नियम लागू होगा। नारकोटिक्स सीआईडी साइबर सेल को भी गिरफ्तार किए गए व्यक्ति की जानकारी देनी होगी। अभी 5 जांच एजेंसी गिरफ्तार किए व्यक्ति की जानकारी नहीं देते थे। नए कानून के तहत उन्हें भी पुलिस की तरह जानकारी देनी होगी। गिरफ्तार किए गए संबंधित व्यक्ति के बारे में पुलिस मुख्यालय में ब्यौरा देना होगा।

# सुरजीत की कुर्सी खतरे में, वानखेड़े पर दांव

## विरोधी नेताओं ने भी हाथ खड़े कर दिए

इन्दौर, (नगर संवाददाता)। शहर कांग्रेस अध्यक्ष सुरजीतसिंह चड्ढा का दोबारा दांव लगना मुश्किल लग रहा है और अब नए नेता पर जीतू पटवारी विचार कर रहे है, जिसमें पहला नाम पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े का है, जिस पर मोहर लगती दिख रही है। दिल्ली से भी हरी झंडी मिल चुकी है बस ऐलान का इंतजार किया जा रहा है।





लंबे समय से शहर कांग्रेस अध्यक्ष की कुर्सी का मसला चल रहा है। अरविन्द बागड़ी को हटाए जाने के बाद से ही दांवपेच चल रहे थे और इसी बीच जीतू पटवारी को अध्यक्ष की कमान मिल गई। दिल्ली से आए फरमान के बाद सुरजीतसिंह चड्ढा को अध्यक्ष बनवा दिया था। उनकी अगुवाई में विधानसभा चुनाव हुए थे, लेकिन कांग्रेस एक भी सीट नहीं जीत पाई। ऐसे में उनकी कुर्सी पर खतरे के बादल दिखने लगे थे। कैलाश विजयवर्गीय ने कांग्रेस कार्यालय पर दस्तक दी थी और वहां पर उनका स्वागत सत्कार करने के चक्कर में चड्ढा विवादों में घिर गए थे। उन्हें नोटिस तक मिल गया था। उसके बाद से ही हटाने के लिए कोशिश चल रही है और अब जाकर उस पर विचार विमर्श किया गया है। सूत्रों का कहना है कि शहर कांग्रेस अध्यक्ष के लिए जो नाम फाइनल हुए है उसमें पहला पूर्व विधायक विपिन वानखेड़े का है। जीतू पटवारी की पसंद होने के कारण उन्हें शहर की कमान सौंपी जा सकती है। वानखेड़े विधायक थे लेकिन चुनाव हारने के बाद उन्होंने इन्दौर की सियासत पर ध्यान देना शुरूर कर दिया है। ऐसी स्थिति में माना जा रहा था कि पटवारी विरोधी खेमा सुरजीत की कुर्सी बचा लेगा जिसमें शहर के पार्षदों नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष चिंटू चौकसे का नाम भी था। पूर्व मंत्री सज्जन वर्मा का सहारा भी उन्हें लग रहा था लेकिन ऐन क्त पर उन्होंने भी हाथ खड़े कर दिए और मामला बिगड़ता चला गया। इसी वजह से अब नए अध्यक्ष की बातें होने लगी है।

बताते है कि वर्तमान में सुरजीतसिंह की वापसी अब नहीं दिख पा रही है। विपिन वानखेड़े के लिए ऐलान होना ही शेष बचा है। वैसे तो पटवारी की कुर्सी पर भी खतरे के बादल दिख रहे थे, लेकिन बाद में दिल्ली से उन्हें राहत मिल गई थी और यही वजह रही कि उन्हे मौका मिल गया। पटवारी अपने समर्थकों को बचाना चाहते है उन्हें ही पद दिलवाना चाहते है इसी वजह से विपिन के नाम पर सहमति के आसार है। अगर उसमें कुछ उतार चढ़ाव हुआ तो दूसरा नाम अरविन्द बागड़ी का भी हो सकता है। वह भी पटवारी की पसंद से। जिले में भी सदाशिव यादव का कार्यकाल पूरा हो चुका है। उनके अलावा यहां पर दूसरे नेता की नियुक्ति हो सकती है।

# मुख्यमंत्री को खून से पोस्टकार्ड लिखेंगे अंशकालीन कर्मचारी

इंदौर। प्रदेश के अंशकालिक कर्मचारी 1 मई मजदूर दिवस के दिन भोपाल के अंबेडकर जयंती मैदान में मुख्यमंत्री के नाम खून से पोस्टकार्ड लिखेंगे।मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रांताध्यक्ष अशोक पांडे ने बताया कि पिछले 20 सालों से अंशकालीन कर्मचारियों को वेतन में वृद्धि नहीं की गई है और ना ही उन्हें कोई भत्तों का लाभ दिया गया है।

अंशकालीन कर्मचारियों को 8 घंटे ड्यूटी करने के बाद मात्र 5 हजार वेतन भुगतान किया जा रहा है। वेतन भुगतान भी 6 माह बाद किया जाता है। समय पर वेतन भुगतान कभी नहीं किया जाता है। अंशकालीन कर्मचारी की वरिष्ठ सूची भी नहीं बनाई गई है।

अंशकालीन कर्मचारियों को बीमा सुविधा पीएफ सुविधा का लाभ भी नहीं दिया गया है। अंशकालीन कर्मचारियों द्वारा बार-बार मांग करने के बादजूद भी कलेक्टर दर का वेतन और दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी का दर्जा राज्य सरकार ने नहीं दिया है। इस कारण प्रदेश के 55 हजार अंशकालीन कर्मचारी में असंतोष व्याप्त है।

# ब्यूरोक्रेसी की मनमानी के शिकार 'माननीय'

## विपक्ष के साथ ही सत्तापक्ष के नेताओं को नहीं दिया जा रहा महत्व

इंदौर। मप्र में सुशासन की राह पर चल रही सरकार का अफसरों को सख्त निर्देश है कि वे जनप्रतिनिधियों के संपर्क में रहें। लेकिन विडंबना यह है कि प्रदेश के ब्यूरोक्रेट्स सामान्य जनप्रतिनिधियों की तो छोड़ें, मंत्रियों, सांसदों और विधायकों तक का फोन नहीं उठाते हैं। 'माननीय' ब्यूरोक्रेसी की मनमानी से परेशान हैं। आलम यह है कि जहां एक ओर विपक्षी कांग्रेस अफसरों की मनमानी पर सरकार को कोस रही है, वहीं सत्तापक्ष के नेता सत्ता और संगठन को शिकायत कर रहे हैं।

गौरतलब है कि विपक्षी दल कांग्रेस के विधायक, सांसद और अन्य जनप्रतिनिधियों की सदन से लेकर सडक़ तक यह शिकायत रहती है कि अधिकारी उनकी बात नहीं सुन रहे हैं, पर अब सत्ताधारी भाजपा के जनप्रतिनिधियों की भी ऐसी ही शिकायतें हैं। प्रदेश के कई जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक और अन्य अधिकारियों के बारे में अक्सर यह बात सामने आती रहती है कि वे मंत्री, सांसद और विधायकों तक की बात नहीं सुन रहे हैं। कई बार फोन रिसीव नहीं करते और बाद में काल बैक भी नहीं करते। इसे लेकर कई बार कहासुनी की नौबत आ जाती है। अधिकारियों के बैठकों और दौरों में नहीं आने की शिकायतें भी जनप्रतिनिधि कर रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस के नेता यह तंज कसते हैं कि जब सत्ताधारी मंत्री और विधायकों की बात नहीं सुनी जाती तो जनता की क्या सुनी जाएगी।

### फोन तक नहीं उठाते नौकरशाह

प्रदेश की नौकरशाही के बिगड़ैल रूख का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि वे सांसदों तक का फोन नहीं उठाते हैं। जबकि प्रदेश के सभी 29 लोकसभा सांसद सत्तारूढ़ भाजपा के ही हैं। ताजा मामला देवास का है, जब लोकसभा सदस्य महेन्द्र सिंह सोलंकी को कलेक्टर ऋतुराज सिंह से फोन पर यह तक कहना पड़ा अगली बार बात फेस-टू-फेस होगी।

मामला देवास की एक शराब दुकान हटाने को लेकर था। कुछ लोग सांसद के पास कलेक्टर के विरुद्ध शिकायत लेकर पहुंचे थे। सभी के सामने सांसद ने कलेक्टर को फोन लगाया। वहीं राजधानी भोपाल के सांसद और एक अफसर के बीच खींचतान उस वक्त मच गई, जब नगर निगम कमिश्नर बैठक में नहीं पहुंचे। जिसके बाद इंतजार कर रहे सांसद आलोक शर्मा भडक़ गए और मीटिंग छोडक़र बाहर चले गए। उन्होंने ऐतराज जताते हुए कहा कि ये जनता और जनप्रतिनिधियों का अपमान है। इसके बाद मीटिंग के नगर निगम के कमिश्नर हरेंद्र नारायण यादव के बारे में पूछा गया तो बताया गया है। वह नहीं है, फिर पूछा गया कि उनकी जगह कौन आया है। तो जवाब मिला कि कोई नहीं। इसके बाद सांसद, विधायक और महापौर ने फोन भी लगाया, लेकिन फोन नहीं उठाया गया। जिससे नाराज होकर सांसद आलोक शर्मा ने बैठक को कैंसिल कर दी।

पिछले सप्ताह भोपाल में प्रदेश के खेल, युवा कल्याण और सहकारिता मंत्री विश्वास सारंग ने भोपाल के नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण को फोन कर कहा कि आप फोन नहीं उठाते हो। इसके पहले भोपाल के लोकसभा सदस्य आलोक शर्मा ने भी यही शिकायत की थी। चार माह पहले मऊगंज के भाजपा विधायक प्रदीप पटेल कानून-व्यवस्था की खराब स्थिति को लेकर एएसपी अनुराग पांडे के सामने दंडवत हो गए थे। वह नशे के विरुद्ध अभियान में पुलिस की निष्क्रियता से नाराज थे। उन्होंने एएसपी से कहा था कि आप तो मुझे गुंडे से मरवा दीजिए। वहीं भोपाल के अशोका गार्डन इलाके की एक कालोनी में आग लगने पर लोगों ने नगर निगम आयुक्त हरेंद्र नारायण को फोन लगाया। उन्होंने फोन नहीं उठाया। फायर ब्रिगेड भी देर से पहुंची। इस बीच मंत्री विश्वास सारंग भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने आयुक्त को फोन लगाकर कहा कि आप निगम कमिश्नर हो, लेकिन आप फोन नहीं उठा रहे हो। मेरे फोन लगाने पर फायर बिग्रेड की गाड़ी आई है। इसमें न तो हूटर लगा है और न ही पानी है। यदि बस्ती वाले खुद आग नहीं बुझाते तो आगजनी में कई जानें चली जातीं। मजाक हो गया। क्या नगर निगम कमिश्नर हो भई, लोग किससे बोले, बताओ।

### सख्ती पर अदालत चले जाते हैं अफसर

मप्र में अफसरों की निरंकुशता का आलम यह है कि एक तो वे मंत्रियों, सांसदों और विधायकों की सुनते नहीं है, वहीं जब सख्ती की जाती है तो वे अदालत चले जाते हैं। जनता के फोन न उठाने की शिकायत पर वर्ष 2022 में तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज में सिंह चौहान ने अलग-अलग दिन मंच से ही दो अधिकारियों को निलंबित करने निर्देश दिए थे। इसमें छिंदवाड़ा के तत्कालीन सीएमएचओ डा. जीसी चौरसिया और सीधी के डीईओ पवन कुमार थे।

निलंबन पर दोनों अधिकारी हाई कोर्ट चले गए थे। सेवानिवृत्त डीजीपी अरुण गुर्टू का कहना है कि लोकतंत्र में जनप्रतिनिधियों की अहम भूमिका और जवाबदेही होती है। लोक सेवक तो सिर्फ मददगारं हैं। जनप्रतिनिधियों की जायज बातें अधिकारियों को सुननी और माननी चाहिए। जायज नहीं है तो मना करना चाहिए। फोन नहीं उठा पा रहे हैं तो बाद में बात करना चाहिए पर यदि लोक सेवक लोकतंत्र में विश्वास रखते हैं तो जनप्रतिनिधियों की उपेक्षा नहीं कर सकते। यह भी मायने नहीं रखता कि जनप्रतिनिधि कितना पढ़ा-लिखा है।

# कटाक्ष

## गज़ल

भूखे होरी को दीजै रोटी नेताजी
कब तक नोचेंगे उसकी बोटी नेताजी

उम्र भर रहा वो तो नंगा का नंगा ही
अब तो उसको दीजिये लंगोटी नेताजी

माना कि ये सियासत जुआं बनी हुई यहां
अब और मत बिछाओ तुम गोटी नेताजी

ईमानदार बोले कितना भी सच यारों
उसकी हर बात लगेगी खोटी नेताजी

लकीर के समांतर खींचो बड़ी लकीर
तब स्वयं दिखेगी वह तो छोटी नेताजी

सत्ता के नशे में आप हुये हैं मगरूर
हुई आपकी बुद्धि भी मोटी नेताजी

सियासत में वो ही चलता है रमेश यहां
जिसकी भी नियत यहां है खोटी नेताजी



रमेश मनोहरा
शीतला माता गली जावरा
(म.प्र.)
457226, जिला रतलाम
मो. 9479662215

## नेता प्रतिपक्ष ने नर्सिंग घोटाले को लेकर सरकार को घेरा, कहा

# 300 से ज्यादा कॉलेजों में से अब सिर्फ 95 बचे

इंदौर। मप्र विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने नर्सिंग घोटाले को लेकर सरकार को जमकर घेरा हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नर्सिंग शिक्षा की हालत शर्मनाक है! यह भारतीय जनता पार्टी की सरकार की नाकामी का नतीजा है। मप्र में कभी 300 से ज्यादा नर्सिंग कॉलेज थे, अब सिर्फ 95 बचे हैं।



नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने एक बार फिर नर्सिंग घोटाले को लेकर सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि मप्र में नर्सिंग शिक्षा की हालत शर्मनाक है! भाजपा सरकार की नाकामी का नतीजा - कभी 300 से ज्यादा नर्सिंग कॉलेज थे, अब सिर्फ 95 बचे हैं। सिंघार ने आगे कहा कि सीबीआई जांच में फर्जीवाड़ा सामने आया, सैकड़ों कॉलेज मानकों पर खरे नहीं उतरे और बंद हो गए। घोटाले के बाद छात्रों का भरोसा इतना टूट गया कि 2023-24 में एक भी दाखिला नहीं हुआ कि पूरा सेशन शून्य रहा! जो सरकार शिक्षा नीति पर बड़ी-बड़ी बातें करती है, उसी के राज में शिक्षा की ये दुर्दशा क्यों? उन्होंने मध्य प्रदेश बीजेपी को टैग करते हुए पूछा कि युवाओं का भविष्य यूं बर्बाद क्यों हो रहा है?

कार्टून कोना..........




प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेक्स एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com